Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 328 | सोमवार, 01 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

**नई दिल्ली।**



संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है और यह सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा। एक तरफ जहां सरकार इस दौरान सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र, उच्च शिक्षा ढांचा सुधार और कॉरपोरेट/शेयर बाजार विनियम समेत 10 महत्त्वपूर्ण विधेयक रखने जा रही है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष एसआईआरके मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारियों में है।

संसद के शीतकालीन सत्र में परमाणु ऊर्जा विधेयक-2025 के साथ 9 नए बिल पेश होने हैं। सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए नौ आर्थिक विधेयकों को सूचीबद्ध किया है, जिनमें बीमा कानूनों में संशोधन करने वाला एक विधेयक और तंबाकू तथा पान मसाला जैसी हानिकारक वस्तुओं पर कर और उपकर लगाने से संबंधित दो अन्य विधेयक शामिल हैं। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों का पहला बैच शीतकालीन सत्र (1-19 दिसंबर) के दौरान पेश किया जाएगा। आगामी सत्र के लिए संसद सदस्यों को भेजी गई विधेयकों की सूची के अनुसार, सरकार नई पीढ़ी के वित्तीय सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने के लिए बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की योजना बना रही है। अब तक बीमा क्षेत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। इसके अलावा, केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 को सोमवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए ये नेता

संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। इस बैठक में दोनों सदनों के विधायी कार्यों और विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई। सर्वदलीय बैठक में सरकार की ओर से क्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए।

# बांके बिहारी मंदिर के चबूतरे से हटेगा अतिक्रमण

**वृंदावन।**



ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति मंदिर चबूतरे से दुकानों के अतिक्रमण को हटाने की योजना बना चुकी है। इसके लिए समिति ने अपने ही जूताघर को हटाकर दुकानदारों को संदेश भी दे दिया। दुकानों को हटाने का निर्णय आगामी 15 दिसंबर की बैठक में भले ही होगा।

लेकिन, दुकानदारों में खलबली मच गई है। दुकानदारों को साहस मंदिर के प्रवेशद्वार संख्या दो की चौखंडी पर बनी सेवायत की गद्दी से बना हुआ है। चूंकि ये गद्दी मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति के सेवायत सदस्य की है। इसका अतिक्रमण सबसे अधिक चबूतरे पर है। जबकि दूसरी दुकानें भी मंदिर सेवायतों की ही हैं, जो कि दशकों से बहुत ही कम किराए पर चली आ रही हैं। ऐसे में चबूतरे से दुकानें हटा पाना समिति के लिए चुनौती भरा काम साबित होगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर चबूतरे पर जूताघर हटने के बाद अब दूसरी दुकानों के स्वामियों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। लेकिन, उन्हें भरोसा है कि उच्चाधिकार प्रबंधन समिति उनकी दुकानों को हटाने का साहस कम ही करेगी। चूंकि इन दुकानों के बीच समिति के एक सेवायत सदस्य की गद्दी है, जिसका अतिक्रमण सबसे अधिक है। मंदिर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति के सेवायत सदस्य दिनेश गोस्वामी के अनुसार मंदिर के गेट संख्या दो की चौखंडी पर सेवायत सदस्य श्रीवर्धन गोस्वामी की गद्दी है, जिसका अतिक्रमण दुकान से दोगुना हो चुका है। इस गद्दी के आवंटन के बारे में बताया साठ के दशक में प्रबंध कमेटी के सदस्य कृष्णचंद्र गोस्वामी ने ये चौखंडी जयगोपाल गोस्वामी को इत्र की दुकान के लिए दी थी। इसके बाद जयगोपाल गोस्वामी के तीन पुत्रों सुमन गोस्वामी, बालकृष्ण गोस्वामी, बबलू गोस्वामी को ये दुकान वसीयत में तो मिली। लेकिन, 90 के दशक में जब प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष पद पर आनंद गोस्वामी काबिज हुए तो उन्होंने इत्र की इस दुकान को कब्जा मुक्त करके अपने लिए गद्दी बना डाली।

इसके बाद आनंद बिहारी गोस्वामी और जुगलकिशोर गोस्वामी इसे अपनी गद्दी के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। बड़ी बात ये कि चबूतरे पर सबसे अधिक अतिक्रमण इसी गद्दी का है, जिस गद्दी का उपयोग वर्तमान में समिति के सेवायत सदस्य श्रीवर्धन गोस्वामी कर रहे हैं।

# बांग्लादेशी तस्करों का बीएसएफ जवानों पर हमला, जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर ढेर

**कोलकाता।**

बंगाल के नदिया जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार रात बांग्लादेशी तस्करों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बांग्लादेशी तस्करों ने जवानों पर जानलेवा हमला कर तस्करी का प्रयास किया, जिसे बीएसएफ ने विफल कर दिया। इस दौरान आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ की गोली से एक बांग्लादेशी तस्कर ढेर हो गया। बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में बताया कि यह घटना 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी मतियारी इलाके में हुई। अन्य तस्कर वापस बांग्लादेश की ओर भाग निकले। मौके से एक कटर, चार धारदार हथियार, प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सीरप की 96 बोतलें और दो विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। बीएसएफ ने स्थानीय थाने में घटना की एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।




# महमूद मदनी के बयान पर विवाद बढ़ा, हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने फूंका मौलाना का पुतला

**भोपाल।**

राजधानी में शनिवार को एक कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा वाले बयान ने तूल पकड़ लिया है।

इसी क्रम में रविवार दोपहर में हिंदू संगठनों ने रोशनपुरा चौराहा पर मौलान मदनी के पुतले को जूतों की माला पहनाई। जूतों से पीटा उसके बाद पुतले में आग लगा दी। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने मौलाना के बयान को देश और हिंदू समाज के खिलाफ बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बजरंग दल का कहना है कि मौलाना मदनी ने वंदे मातरम, देश और हिंदू धर्म के खिलाफ बयान दिए हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान ने कहा कि मौलाना मदनी ने बयान दिया है कि जिहाद जब तक चलेगा...जुल्म होगा, तो बताएं कि कहां जुल्म हो रहा है? उन्होंने कहा कि बंटवारा के समय मुसलमानों की मांग पर पाकिस्तान दे दिया गया, अब उन्हें कौन सा पाकिस्तान चाहिए। लगातार वंदे मातरम, सुप्रीम कोर्ट का विरोध कर ये लोग मुस्लिम युवाओं को बहकाकर जिहाद और गृह युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि मदनी जैसे लोग मुस्लिम युवाओं को जुल्म, जन्नत और जिहाद जैसे नारों के नाम पर भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।




# 'शेख हसीना ने 2009 में बांग्लादेश में सामूहिक नरसंहार का आदेश दिया था'

**ढाका।** 16 वर्ष पहले हुए हिंसक विद्रोह की जांच के लिए गठित आयोग ने रविवार को रिपोर्ट जारी कर दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इन हत्याओं का आदेश दिया था। इस विद्रोह में दर्जनों वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी। बांग्लादेश राइफल्स (बीडीआर) के उग्र सैनिकों ने दो दिवसीय विद्रोह के दौरान सैन्य अधिकारियों सहित 74 लोगों की हत्या कर दी थी। यह विद्रोह 2009 में ढाका से शुरू होकर पूरे देश में फैल गया था, जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना के पदभार ग्रहण करने के कुछ ही सप्ताह बाद उनकी सरकार अस्थिर हो गई थी। रविवार को प्रस्तुत आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, हसीना के नेतृत्व वाली तत्कालीन अवामी लीग सरकार विद्रोह में सीधे तौर पर शामिल थी। सरकार के प्रेस कार्यालय ने आयोग के प्रमुख एएलएम फजलुर रहमान के हवाले से कहा कि पूर्व संसद सदस्य फजले नूर तपोश ने ₹प्रमुख समन्वयक₹ के रूप में काम किया और हसीना के इशारे पर उन्होंने हत्याओं को अंजामदेने के लिए हरी झंडी दी। बयान में कहा गया कि जांच में विदेशी ताकतों की संलिप्तता स्पष्ट रूप से सामने आई है।

पिछले वर्ष छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह के बाद हसीना को सत्ता से हटा दिया गया था।

# तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश, तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।**



श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद चक्रवात भारत के बेहद करीब पहुंच गया है। तमिलनाडु और आंध्र में बारिश हो रही है। बारिश से संबंधित घटनाओं में तमिलनाडु में तीन लोगों की मौत हो गई है और फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

राज्य के मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने रविवार को बताया कि तुतुकुडी और तंजावुर में दीवार गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हुई, जबकि 20 वर्षीय युवक की मौत मयिलादुथुरै में करंट लगने से हुई। 57,000 हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित हुई है। तमिलनाडु और पुडुचेरी में आपातकालीन तैयारियों के लिए एनडीआरएफ की 6वीं बटालियन की पांच टीमों को रविवार को वडोदरा से चेन्नई एयरलिफ्ट किया गया है। 'दितवाह' के कारण उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जिसमें अगले दो दिनों में 35-45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। यमन ने इस चक्रवात को दितवाह नाम दिया है। यह एक अरबी शब्द है। दितवाह का अर्थ खारे पानी की झील होता है। असल में यमन के पास एक सोकोटरा नामक द्वीप है। वहां एक पानी की झील है और उसका नाम है दितवाह। उसी के नाम पर इस चक्रवात का नामकरण हुआ। मौसम कार्यालय ने कहा कि चक्रवात कडलूर के दक्षिण-पूर्व में लगभग 90 किलोमीटर, कराईकल के उत्तर-पूर्व में 120 किलोमीटर, पुडुचेरी के दक्षिण-पूर्व में 90 किलोमीटर, वेदरण्यम के उत्तर-पूर्व में 170 किलोमीटर और चेन्नई के दक्षिण-पूर्व में 150 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। हालांकि दितवाह के कमजोर पड़ने की संभावना है।

### श्रीलंका से 400 भारतीय यात्री स्वदेश लौटे

श्रीलंका में दितवाह के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 334 हो गई है और 370 लोग लापता हैं। व्यापक तबाही के बाद श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा की गई है। श्रीलंका में चक्रवात 'दितवाह' प्रभावित श्रीलंका में बेहद खराब मौसम के कारण कोलंबो हवाईअड्डे पर फंसे 400 भारतीय नागरिक को रविवार को स्वदेश लौटे।

# यूपी में बिजली बिल राहत योजना आज से शुरू...

**मेरठ।**

बिजली बिल राहत योजना एक दिसंबर से आरंभ हो रही है। मुख्य अभियंता मुनीश चोपड़ा ने बताया कि 33 केवी उपकेंद्रों पर इस योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। प्रचार प्रसार के लिए कैंप भी लगाए जाएंगे।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने एक दिसंबर से शुरू हो रही बिजली बिल राहत योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कहा कि यह पहली बार है जब प्रदेश सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। बिजली राहत योजना मुख्य रूप से घरेलु उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों के लिए है। एलएम वी वन घरेलु श्रेणी के दो किलोवाट तक के और एलएमवी टू एक किलोवाट तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। इन उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के लिए दो हजार रुपये जमा कर पंजीकरण कराना होगा। प्रथम चरण एक दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक एक मुश्त भुगतान करने पर मूलधन में भी पहली बार 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पविविनिलि से जुड़े 14 जनपदों के 17 लाख 1007 उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों को जगह-जगह मुनादी और कैंप का आयोजन करने के लिए कहा है। विद्युत सखियों के जरिए भी इसका प्रचार प्रसार कराए जाने की बात कही है।



# केदारनाथ में तापमान -14डिग्री, राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट

**नई दिल्ली।**

दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ी राज्यों, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड, के ऊंचे इलाकों में हाल ही में भारी बर्फबारी हुई है, जिससे पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कई जगहों पर तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे चला गया है। वहीं, चक्रवात 'दितवाह' का असर दक्षिण भारत तक ही सीमित है, जहां भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, और उत्तरी राज्यों में इसका सीधा प्रभाव नहीं है। उत्तर तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों के समानांतर लगभग उत्तर की ओर बढ़ने और बुधवार सुबह तक और कमजोर होने की संभावना है। कराईकल और चेन्नई में डापलर मौसम रडार द्वारा निगरानी की जा रही है। कांचीपुरम, तिरुवल्लूर, चेन्नई, चेंगलपट्टू और रानीपेट जिलों में कुछ बारिश हो सकती है। गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग (कश्मीर), लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मनाली, शिमला, कुफरी (हिमाचल प्रदेश), और औली, केदारनाथ घाटी, चोपता (उत्तराखंड) जैसे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जिससे नदी-नाले जमने लगे हैं।



## संपादक की कलम से

# विकास से हारा टैरिफ

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप स्तब्ध और हैरान होंगे! भारत की जिस अर्थव्यवस्था को उन्होंने मृत करार दिया था और 27 अगस्त को 50 फीसदी टैरिफ थोपा था, दोनों ही गलत और बेअसर साबित हुए। अमरीका भारत को रूस से भी तोड़ नहीं सका। यह अमरीका को भारत की जबरदस्त चुनौती है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति जापान, जर्मनी, फ्रांस सरीखे विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की गति से भी तेज साबित हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की आर्थिक विकास दर 8.2 फीसदी रही है। 2023-24 में भी विकास दर 9 फीसदी से अधिक रही थी और वित्त वर्ष का समापन 8.4 फीसदी के साथ हुआ था। भारत की वास्तविक जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपए है, जबकि एक साल पहले यह 44.94 लाख करोड़ रुपए थी। भारत की नॉमिनल जीडीपी 85.25 लाख करोड़ रुपए है। नॉमिनल जीडीपी के मायने हैं कि एक ही भौगोलिक सीमा के भीतर, एक अर्थव्यवस्था में, एक निश्चित अवधि में, उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल बाजार मूल्य कितना है। उसमें मुद्रास्फीति को समायोजित नहीं किया जाता। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन का आकलन है चूंकि पहले 6 माह की बढ़ोतरी दर 8 फीसदी से अधिक रही है, नतीजतन अब भारत की कुल अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर के पार होगी और चालू वित्त वर्ष की अंतिम आर्थिक विकास दर करीब 7.5 फीसदी हो सकती है। बजट संसद में पेश करने से पहले जो आर्थिक समीक्षा सदन में रखी गई थी, उसमें 2025-26 की विकास दर का अनुमान 6.3-6.8 फीसदी लगाया गया था। अर्थव्यवस्था में यह बढ़ोतरी भारत के सतत आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है। चूंकि त्योहारी मौसम की मांग और खरीद के आंकड़े अभी सामने आने हैं। अक्तूबर-दिसंबर की तीसरी तिमाही की बढ़ोतरी दर और भी अच्छी हो सकती है। जीएसटी की दरों में जो कमी की गई, उनसे आम आदमी ने भी खरीददारी बढ़ाई है। त्योहारी मौसम में तो व्यापक, बंपर खरीददारी होती रही है। भारत में निजी खपत का जीडीपी में योगदान 55-57 फीसदी तक रहा है। यदि विकास दर 8 फीसदी से अधिक है, तो जाहिर है कि निजी खपत बढ़ रही है। लोगों में क्रय-शक्ति है। वे मांग कर रहे हैं और वस्तुओं, सेवाओं का उपभोग कर रहे हैं, लिहाजा बाजार में चमक है और उत्पादन बढ़ रहा है। दूसरी तिमाही के दौरान मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 9.1 फीसदी, सेवा में 9.2 फीसदी, निर्माण में 7.4 फीसदी (कुछ कम हुआ), कृषि में 3.5 फीसदी, नॉमिनल जीडीपी में 8.7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार सेवाओं के क्षेत्र में 7.4 फीसदी, बिजली में 4.4 फीसदी, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाओं में बढ़ोतरी 10 फीसदी से ज्यादा हुई है। इन क्षेत्रों का जीडीपी में करीब 25 फीसदी योगदान होता है। दरअसल भारतीय कंपनियों ने टैरिफ लगने से पहले ही उत्पादन और निर्यात को बढ़ा दिया था, नतीजतन टैरिफ का जीडीपी और अर्थव्यवस्था पर कोई नकारात्मक असर नहीं दिखा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक के स्तर पर मुद्रास्फीति इस तिमाही के दौरान कम ही रही। इसी आधार पर महंगाई को नियंत्रित किया जा सका। आर्थिक विकास दर से प्रधानमंत्री मोदी, उद्योगपति, व्यापारी, बाजार और आम उपभोक्ता सभी गदगद होंगे। ऐसे मौकों पर एक बुनियादी सवाल कुरेदता रहा है कि जब हम आर्थिक तौर पर इतने मजबूत हो रहे हैं, बाजार में मांग और व्यापार हैं, तो उसका पूरा लाभ आम आदमी को क्यों नहीं मिल पाता? देश में आज भी 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज हर माह बांटा जा रहा है। इसके अलावा, सस्ता गेहूं, चावल की योजना गरीबी-रेखा के नीचे वालों के लिए भी है। हमारा दावा है कि करोड़ों की यह जमात बेरोजगार नहीं है। यदि है, तो सरकार एक अभियान चला कर उन्हें रोजगार मुहैया करा सकती है।



ललित शर्मा
संपादक

# पूजा ,इबादत प्रार्थना सेवा और आध्यात्मिकता राजनीतिक घुसपैठ से ऊपर उठाने की वैश्विक अनिवार्यता

वैश्विक स्तरपर आधुनिक विश्व का सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि जहां विज्ञान, तकनीक और भौतिक प्रगति मानव जीवन को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले गई है, वहीं मनुष्य का आंतरिकसंसार अस्थिरता, अनिश्चितता और विभाजन की गिरफ्त में है।ऐसे समय में पूजा,इबादत प्रार्थना सेवा और आध्यात्मिकता मनुष्य के मन में संतुलन,करुणा और शांति का आधार बनने चाहिए थे, पर विडंबना यह है कि आज इन्हीं आध्यात्मिक क्षेत्रों में राजनीति का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है।आध्यात्मिकता का राजनीतिकरण वैश्विक स्तरपर एक गहरी चिंता का विषय बन चुका है क्योंकि इससे न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रभावित होती है, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक सद्भाव और लोकतांत्रिक व्यवस्था भी कमजोर पड़ती है। इसलिए यह आवश्यक है कि पूजा-इबादत प्रार्थना सेवा को मनोरंजन, प्रचार-प्रसार, या राजनीतिक लाभ के साधन के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति को रोका जाए और अध्यात्म की पवित्रता को पुनर्स्थापित किया जाए।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि विश्व की लगभग सभी धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराएँ,हिंदू, बौद्ध, ईसाई, इस्लाम, यहूदी, ताओ, शिंतो- पूजा को एक आंतरिक प्रक्रिया मानती हैं। हिंदू दर्शन में पूजा मन,बुद्धि,चित्त की शुद्धि का साधन है, केवल क्रियाकलाप का नहीं। बौद्ध परंपरा में पूजा नहीं, बल्कि स्मृति और ध्यान केंद्र में है, जिसका उद्देश्य मन की अशुद्धियों को शांत करना है।इस्लाम में नमाज मनोरंजन नहीं, बल्कि विनम्रता का प्रशिक्षण है। ईसाई प्रेयर को आत्मिक संवाद कहते हैं, जहाँ बाहरी आडंबर से अधिक भीतरी पवित्रता को महत्व दिया जाता है।यानें पूरी दुनियाँ इस बात को मानती है कि पूजा कोई कार्यक्रम याफेस्टिविटी नहीं,बल्कि एक अंतर्यात्रा है,स्वयं को जानने की, स्वयं को सुधारने की,और स्वयं को ईश्वर या ब्रह्मांडीय चेतना से जोड़ने की।

मानव सभ्यता के विकास में पूजा,ध्यान,प्रार्थना और आध्यात्मिक साधनाएँ केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं रहीं,बल्कि मनुष्य के आंतरिक संतुलन,मानसिक अनुशासन और सामाजिक नैतिकता के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विकसित हुई हैं। किंतु आज के डिजिटल युग,तीव्र बाजारीकरण,उपभोक्तावाद और मनोरंजन-प्रधान संस्कृति में पूजा के वास्तविक स्वरूप के समक्ष सबसे बड़ा संकट यही है कि इसे अनायास ही मनोरंजन, उत्सव, प्रदर्शनी या दिखावे के रूप में देखा जाने लगा है।पूजा इबादत प्रार्थना सेवा मनोरंजन नहीं है यह पंक्ति केवल धार्मिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का आह्वान नहीं, बल्कि 21वीं सदी की मानव सभ्यता के लिए एक नैतिक मार्गदर्शन भी है कि आध्यात्मिकता और बाजार, श्रद्धा और मनोरंजन, साधना और प्रदर्शन के बीच सीमाओं को समझे बिना समाज का मानसिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक शुचिता और आध्यात्मिक अनुशासन लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रह सकता।

साथियों बात अगर हम पूजा या इबादत प्रार्थना सेवा मनोरंजन नहीं है:पवित्रता की मूल आत्मा है इसको समझने की करें तो, पूजा और इबादत प्रार्थना सेवा किसी भी धर्म या संस्कृति में आनंद या मनोरंजन का माध्यम नहीं रहे हैं। प्राचीन सभ्यताओं से लेकर आधुनिक धार्मिक परंपराओं तक, पूजा का उद्देश्य मनुष्य को उसके अहंकार, उसकी इच्छाओं और उसकी भ्रमित अवस्थाओं से ऊपर उठाना रहा है।पूजा में एकांत, अनुशासन और मन की शुद्धता का भाव शामिल होता है, जबकि मनोरंजन का मूल स्वभाव हल्कापन क्षणिकता और बाहरी उत्तेजना पर आधारित होता है। आज जब कई स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों को संगीत-उत्सवों, भीड़-इकट्ठा करने वाले कार्यक्रमों या दिखावे की प्रतियोगिताओं में बदलते देखा जाता है, तब पूजा अपनी मूल सार्थकता खोने लगती है।पूजा का उद्देश्य आत्म-निरीक्षण औरआध्यात्मिक उन्नयन है, न कि भीड़ जुटाकर लोकप्रियता कमाना।पूजा या इबादत प्रार्थना सेवा को मनोरंजन के स्तर पर उतार देने से समाज में दो गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। प्रथम, धार्मिक भावना का बाजारीकरण बढ़ता है,जिसके कारण समारोह सजावट आयोजनों की भव्यता और तकनीकी प्रदर्शन पर केन्द्रित हो जाते हैं।दूसरा, इससे धर्म का उपयोग सामुदायिक पहचान दिखाने के साधन में बदल जाता है, जिससे बंटवारा और प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होती है। पूजा यदि मन की शांति का स्रोत रहे तो समाज शांत होता है, पर यदि इसे भीड़-संचालित मनोरंजन के रूप में रूपांतरित कर दिया जाए तो इससे तनाव और विभाजन बढ़ते हैं। साथियों बात अगर हम पूजा और मनोरंजन का मिश्रण 21वीं सदी की नई चुनौती इसको समझने की करें तो इंटरनेट,ग्लोबल मीडिया, स्मार्टफोन और सोशल नेटवर्क ने धर्म और पूजा को तेजी से मनोरंजन की वस्तु जैसा बना दिया है।मंदिरों, चर्चों मस्जिदों और गुरुद्वारों के लाइव स्ट्रीम, रील्स, व्लॉग्स, पब्लिक चैलेंज, वायरल भक्ति गाने, डांस वीडियोज और डेवोशनल कंटेंट ट्रेंडिंग ने पूजा की मूल भावना को बाजार का हिस्सा बना दिया है।आज भक्तों की संख्या नहीं, व्यूज और फॉलोअर्स की संख्या पर आध्यात्मिक प्रतिष्ठा का मूल्यांकन होने लगा है। पूजा घर का एकांत साधना स्थल होने के बजाय स्टेज-लाइट्स, साउंड डीजे और डिजिटल शो का रूप लेती जा रही है। यह बदलाव केवल भारत में नहीं,बल्कि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, अफ्रीका, यूरोप और लैटिन अमेरिका तक देखा जा सकता है, जहाँ धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में ग्लैमरस मनोरंजन का समावेश बढ़ता जा रहा है। 21वीं सदी में वैश्वीकरण, डिजिटल युग और राजनीतिक ध्रुवीकरण ने धार्मिक पहचान को राजनीतिक लाभ का सबसे आसान साधन बना दिया है। दुनियाँ के अनेक देशों में चुनावों, सत्ता-समीकरणों, सार्वजनिक नीतियों और सामाजिक एजेंडों में आध्यात्मिकता के नाम पर जनमत को प्रभावित करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। यह प्रवृत्ति केवल किसी एक देश या धर्म की समस्या नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक चेतावनी है कि राजनीति यदि आध्यात्मिक क्षेत्रों में प्रवेश कर लेती है, तो वह लोगों की भावनाओं को हथियार बनाकर लोकतंत्र की आत्मा को क्षति पहुँचा सकती हैराजनीतिक शक्तियाँ जब धार्मिक प्रतीकों, पूजा-स्थलों या आध्यात्मिक संस्थाओं का उपयोग अपने प्रचार के लिए करती हैं, तब वे अध्यात्म की सार्वभौमिकता को सीमित कर देती हैं आध्यात्मिकता का मूल स्वभाव समावेशी है वह मनुष्य को मानवता के उच्चतर सिद्धांतों से जोड़ती है, न कि किसी दल, समूह या विचारधारा से। आधुनिक विश्व में जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और तकनीकी प्रगति मनुष्य को उसकी मूल आत्मा से दूर करती जा रही है,वहां आध्यात्मिकता की भूमिका और बढ़ जाती है।लेकिन जब यहीआध्यात्मिकता सत्ता का उपकरण बन जाती है, तो वह अपने मूल उद्देश्य मानव कल्याण और आंतरिक शांति से भटक जाती है।इसलिए आधुनिक युग में अध्यात्म को राजनीतिक रंगत से बचाना केवल धार्मिक स्वतंत्रता का ही प्रश्न नहीं,बल्कि यहमानवाधिकार लोकतंत्र और वैश्विक सामाजिक स्थिरता का प्रश्न भी है। राजनीतिकरण रोकने का अर्थ यह नहीं कि धार्मिक समुदाय सामाजिक मुद्दों पर बोलें नहीं; बल्कि इसका अर्थ यह है कि पूजा-इबादत को राजनीतिक उद्देश्य, चुनावी लाभ या नीतिगत लाभ उठाने का माध्यम न बनाया जाए।





गोंदिया

साथियों बात अगर हम आध्यात्मिकता में राजनीति की घुसपैठः वैश्विक परिप्रेक्ष्य में खतरा इसको समझाने की करें तो, आध्यात्मिकता की राजनीति पर पकड़ जितनी गहरी होती जाती है, उतनी ही लोकतंत्र कमजोर पड़ने लगता है,क्योंकि व्यक्ति की निजी आस्था राजनीतिक वादों और प्रचार मशीनों का विषय बन जाती है। पिछले कुछ दशकों में दुनियाँ के कई देशों में देखा गया है कि राजनीतिक दल आध्यात्मिक नेताओं, धार्मिक संस्थानों और सामुदायिक विश्वासों का उपयोग जनमत को प्रभावित करने में करते हैं। इससे आध्यात्मिक संस्थाएँ निष्पक्षता खो देती हैं और धर्म का उपयोग वैज्ञानिक, सामाजिक या आर्थिक वास्तविकताओं से ध्यान हटाने के लिए किया जाता है।राजनीति की घुसपैठ से आध्यात्मिकता का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह मनुष्य को विभाजित करने वाली रेखाओं को गहरा करती है। आध्यात्मिकता का असली उद्देश्य मनुष्य को उसके भीतर की एकता से जोड़ना है, लेकिन राजनीति उसकी पहचान को समूह, जाति, संप्रदाय या अन्य सामाजिक ध्रुवों में बदल देती है। जब आध्यात्मिक नेताओं को राजनीतिक मंचों पर खड़ा किया जाता है,जब पूजा-स्थलों को शक्ति -समीकरणों के केंद्र में रखा जाता है, या जब आस्था के नाम पर नीतियाँ बनती हैं, तो इससे सत्ता और आध्यात्मिकता के बीच ऐसा पैठयुक्त गठजोड़ बनता है जिससे समाज का नैतिक ढांचा कमजोर पड़ता है।यह वैश्विक प्रवृत्ति केवल धार्मिक स्वतंत्रता को ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति को भी चुनौती देती है। कई अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, चाहे मध्य-पूर्व, अफ्रीका या एशिया में आस्था और राजनीति के मिश्रण का परिणाम रहे हैं। राजनीतिक उद्देश्यों के लिए आध्यात्मिक भावनाओं का दुरुपयोग सम्पूर्ण मानवता के लिए खतरा है।

## राजीव डोगरा



### दिव्य प्रेम

कविता

जब मैं शांत हो जाऊंगा
तुम अशांत हो उठोगे
हृदय के अंतकरण तक।

मेरा मौन
सदा के लिए तुम्हारे हृदय में
अशांति को विद्यमान कर देगा।

मेरे प्रेम की अभिव्यक्ति
तुम्हारे लिए करना
कठिन से भी कठिन हो जाएगी।

नव नासिका का
भेदन करता हुआ मैं
कभी दशम द्वार के
परमानंद के अमृत कलश का
अमृत पीता हूँ।

तो कभी अनाहत में बैठे
अपने इष्ट का स्पर्श कर
हंसता मुस्कुराता हुआ
फिर इस धरा पर
चुपचाप लौट आता हूं।

अपने अतृप्त हृदय के लिए
तुम्हें सहस्त्रार का भेदन कर
दिव्य प्रेम सरिता में
डूब कर मुझ में
लीन होना ही होगा।

# बादलों का घर मेघालय: इन 5 जगहों की सैर आपको जीवन भर याद रहेगी, बनाएं ट्रिप का प्लान!



मेघालय, जिसे 'बादलों का घर' कहा जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और क्रिस्टल-क्लियर नदियों के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ शिलॉन्ग, डॉकी झील, दावकी, मौसिनराम और मावफलांग पवित्र वन जैसी मनोरम जगहें आपके मन को मोह लेंगी। नॉर्थ-ईस्ट राज्य प्राकृति और सुंदर वादियों के लिए जाना जाता है। अगर आप मेघालय जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए है। मेघालय को बादलों का घर कहा जाता है। यहां की सुंदरता दुनियाभर में फेमस है। मेघायलय में पानी भी शीशे की तरह चमकता है और घने जंगल की सुंदरता देखकर आप कहीं न कहीं खो जाएंगे। जो एक बार मेघालय घूमने जाएगा वो वही का होकर रह गया है। मेघालय में आपको पहाड़, झरने, नदियां, झील, हरे जंगल सबकुछ देखने को मिलेगा। आइए आपको बताते हैं आप किन जगहों पर जरुर घूमने जाएं।

**शिलॉन्ग**

मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग घूमने जरुर जाएं। यह शहर बेहद ही खूबसूरत और हरियाली से घिरा हुआ है। मेघालय पूर्वी हिमालय की पहाड़ियों में बसा हुआ है शिलॉन्ग। इसे मिनी स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। शिलॉन्ग में आप व्यू पॉइंट, लैत्कोर पीक, स्प्रेअद ईगल फॉल्स, लेडी ह्यदारी पार्क और एलिफेंट फॉल्स को जरुर देखें।

**डॉकी झील**

डॉकी झील भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक छोटा-सा शहर बसा है। डॉकी झील को उमंगोट नदी भी बोला जाता है, जो कि भारत से बांग्लादेश तक बहती है। इसका पानी एकदम क्रिस्टल क्लियर है। इधर नाव पर सफर करने से ऐसा फील होता है कि जैसे नाव हवा में है।

**दावकी**

अगर आप मेघालय जा रहे हैं, तो पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले में स्थित दावकी छोटा सा टाउन है, यहां पर घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। इधर आपको सुंदर झरने देखने को मिलेंगे। दावकी में जाफलोंग जोरी पॉइंट, बुरहिल झरने, मावल्यान्नॉग, रिवाई जैसी खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

**मौसिनराम**

मेघालय के खासी हिल्स में मौसिनराम एक सुंदर बस्ती है, यह अपनी प्राकृतिक स्टैलेग्माइट शिवलिंग जैसी संरचनाओं के लिए जाना जाता है। यहां पर मावजिम्बुइन गुफा देखने को लायक मिलती है। इस गुफा में शिवलिंग भी रखी है, जो कि स्टैलेग्माइट के लिए जानी जाती है। यहां का वातावरण एकदम शांत और सुकून से भरा हुआ है। कलकल करता हुआ पानी की आवाज आपके मन को शांति प्रदान करेगा।

**मावफलांग पवित्र वन**

मेघालय में मावफलांग वन एक प्रचीन जंगल है, जो काफी शुद्ध व पवित्र माना जाता है। इस जंगल से एक भी पत्ती बाहर लेकर जाना माना है और इस जंगल में आपको रुद्राक्ष के पेड़ मिलेंगे, हर मुख वाली रुद्राक्ष पेड़ में लगी होती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गुजरौलिया खालसा में वन विभाग एवं किसान विवाद बढ़ा डीएम मौके पर पहुंचकर दिये निष्पक्ष पैमाइश के आदेश

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**चिल्हियां/सिद्धार्थनगर।** जिले के तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़. अन्तर्गत गुजरौलिया खालसा गांव में वन विभाग और किसानों के बीच जमीन विवाद गहराता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि वन विभाग उनकी पैतृक खेती की जमीन पर नये पिलर लगाकर कब्जे की कोशिश कर रहा है। विवाद बढ़ता देख जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन रविवार को गांव पहुंचे और मौके पर जांचकर संयुक्त टीम बनाकर निष्पक्ष पैमाइश के निर्देश दिये।

वहीं ग्रामीणों के मुताबिक साल 2011 में वन विभाग ने अपनी जंगल की भूमि की पक्की पैमाइश कर तारबन्दी कर दी थी। उस समय किसी तरह का विवाद नहीं था। लेकिन अब वन विभाग पुरानी बाउण्ड्री से आगे बढ़कर किसानों की निजी जमीन पर पिलर गाड़ रहा है। इससे करीब 50 किसानों की 50 बीघे से ज्यादा कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रधान रिंकू सिंह उर्फ सुनील सिंह ने कहा कि वन विभाग अब मनमाने तरीके से किसानों की जमीन में नये पिलर गाड़कर उसे जंगल की भूमि साबित करने की कोशिश कर रहा है। यह किसानों के अधिकारों का सीधा हनन है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर राज्यसभा सांसद बृजलाल से मदद मांगी थी। चूंकि उनका पैतृक घर भी इसी गांव में है। इसलिए उन्होंने 2025 में गांव और जंगल के बीच सुरक्षा बाउण्ड्रीवॉल निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कराई। वहीं किसानों का आरोप है कि जैसे ही वन विभाग को इस निर्माण की जानकारी मिली तो उन्होंने विवादित जमीन पर नये पिलर गाड़ने की गतिविधियां बढ़ा दीं, ताकि जमीन को अपने अधीन दिखाया जा सके। वहीं किसानों ने चेतावनी दी है कि यह कार्रवाई जारी रही तो कई परिवार भूमिहीन हो जायेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जिन जमीनों पर पिलर गाड़े गये हैं, वे वर्षों से किसानों के कब्जे और पूरी तरह खेती योग्य भूमि हैं। प्रभावित किसानों में गोविन्द लाल, रामदीन, राजमन, मदनलाल, भागीरथी, बाबूराम, रामानन्द, दिनेश, मोती देवी, इन्द्रावती देवी, किशोर, भीगा, व्यास, राधेश्याम समेत दर्जनों नाम शामिल हैं।

## झांसी मंडल में 01 नवम्बर से 29 नवंबर -2025 तक बिना उचित कारण अलार्म चेन खींचने वाले 179 लोगों पर कार्रवाई

**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक झांसी मंडल श्री अनिरूद्ध कुमार के दिशा निर्देशन में बिना उचित कारण अलार्म चैन खींचने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में झांसी मंडल में 01 नवम्बर से 29 नवंबर -2025 तक बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने (अउढ) वाले 179 मामले दर्ज किए गए। इन सबके विरुद्ध रेल सुरक्षा बल द्वारा 179 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन व्यक्तियों पर कार्रवाई करके 17300/- रुपए जुमार्ना वसूला गया। झांसी मण्डल सभी रेल उपयोगकताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है इन्हीं प्रयासों के क्रम में झांसी मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है।

# बीएसए कॉलेज की 14.5 एकड़ भूमि पर फर्जी पत्र से कब्जा

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बीएसए कॉलेज मथुरा की लगभग 14.5 एकड़ भूमि को अवैध रूप से अलग करके इंजीनियरिंग कॉलेज के नाम पर उपयोग करने का मामला गंभीर मोड़ ले चुका है। अब यह सिद्ध हो गया है कि जिस सरकारी पत्र का हवाला देकर जमीन अलग की गई थी, वह पत्र पूरी तरह फर्जी था।

यह खुलासा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान किए गए दो महत्वपूर्ण आधिकारिक पत्रों से हुआ है, जिनकी कॉपियाँ अब सामने आई हैं।बीएसए कॉलेज को केवल फैकल्टी के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज चलाने की अनुमति थी। वर्ष 1999झ2000 के इस पत्र में स्पष्ट लिखा है कि—बीएसए कॉलेज की भूमि और भवन का स्वामित्व महाविद्यालय का ही रहेगा,

केवल बीएसए कॉलेज के अंतर्गत फैकल्टी के रूप में इंजीनियरिंग कॉलेज संचालित किया जा सकता है, भूमि अलग करने या स्वतंत्र इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की कोई अनुमति नहीं थी। इससे स्पष्ट है कि जमीन अलग करना नियमविरुद्ध था। दिनांक 19.09.2025 के पत्र में संयुक्त निदेशक (उ.शि.) ने आरटीआई के उत्तर में साफ लिखा है कि 28.10.1999 का पत्र संख्या 10050/52 हमारे अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है और न ही हमारे कार्यालय से निर्गत हुआ है। यह आधिकारिक टिप्पणी सीधे संकेत करती है कि—जिस पत्र को आधार बनाकर 14.5 एकड़ भूमि अलग की गई, वह पत्र फर्जी था। दस्तावेजों से यह भी स्पष्ट है कि—फर्जी पत्र दिखाकर जमीन को अलग परिसर के रूप में दर्ज कराया गया, इंजीनियरिंग कॉलेज को स्वतंत्र संस्था की तरह संचालित करना शुरू किया गया, जबकि अधिकृत अनुमति केवल फैकल्टी के रूप में संचालन की थी। विशेषज्ञों के अनुसार यह भूमि कानूनी रूप से भ्रष्टाचार की श्रेणी, और भूमि कब्जा माना जाएगा।

पत्रों से यह तो सिद्ध हो गया कि दस्तावेज फर्जी था, अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि—फर्जी पत्र किसने बनाया? भूमि अलग करने की अनुमति किसने दी? विभागीय जांच वर्षों तक क्यों नहीं की गई? यह मामला अब प्रशासन और विश्वविद्यालय के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। शिक्षक समुदाय और अभिभावकों का कहना है कि—यह सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि सुनियोजित फजीर्वाड़ा है,

जिसमें कॉलेज की करोड़ों की भूमि अवैध रूप से अलग की गई। यह पूरा खेल श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल से जुड़े लोगों द्वारा किया गया।

## सार संक्षेप

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार पुलिस के जवान बाल-बाल बचे

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर मड़नी की तरफ से आ रही एक अल्टो कार बढ़नी बस स्टॉप तिराहा पर लगे डिवाइडर से टकराकर अचानक पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि गाड़ी की शीशा एक तरफ क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन कार में सवार यूपी पुलिस के जवान बाल-बाल बच गये। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गये और चौकी प्रभारी बढ़नी भी तत्काल पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल पलटी हुई कार को सीधा किया गया और उसमें फंसे जवान को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल जवान को तुरन्त नजदीकी प्राइवेट क्लीनिक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके हाथ में चोट आने की पुष्टि किया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें खतरे से बाहर बताया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिराहे पर लगाया गया डिवाइडर कई बार दुर्घटनाओं का कारण बन चुका है। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### अनियंत्रित डंपर ने अर्टिगा कार को मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**मथुरा/गोवर्धन।** मथुराझगोवर्धन मार्ग स्थित राधाकुंड बाईपास पर देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। मिट्टी में चल रहा एक अनियंत्रित डंपर अर्टिगा कार से टकरा गया और टक्कर के बाद सड़क किनारे बनी दुकानों में घुस गया। जानकारी के अनुसार, अर्टिका कार में सवार लोग मथुरा में एक शादी समारोह से लौटकर अपने गांव पाडल जा रहे थे। राधाकुंड बाईपास के समीप अचानक डंपर ने नियंत्रण खो दिया और सामने से कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पाडल निवासी सचिन, ओंकार और जीतू गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर कार को टक्कर मारते हुए छगनलाल सैनी की दुकानों में जा घुसा। हादसे में दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं और लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। यह हादसा देर रात करीब 2 बजे हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गोवर्धन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां बाईपास पर ब्रेकर न होने के कारण आये दिन हादसे होते रहते हैं, ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से बाईपास पर ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

### रईस बड्डा की चालें बेनकाब: फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने की साजिश का मुकदमा दर्ज



**मेरठ।** ग्राम कायस्थ बड्डा की फरीदा की शिकायत पर एसएसपी विपिन ताड़ा के आदेश से थाना किठौर क्षेत्र के निवासी रईस बड्डा सहित चार लोगों पर मवाना थाने में गंभीर धाराओं में ऋकफ दर्ज हुई है। फरीदा ने बताया कि उन्होंने 30 सितंबर 2023 को 10.5 बीघा जमीन खरीदी थी, लेकिन बाद में पता चला कि जमीन बाद में दूसरे व्यक्ति को भी बेची जा चुकी है। इसी जमीन को फर्जी कागजों के जरिए कई बार बेचा गया।जांच में सामने आया कि असली मालिक फैज मोहम्मद ने यह जमीन पहले सत्येंद्र सिंह को बेची, फिर दोबारा विकास सिंह को बेच दी। विकास ने 2024 में यही जमीन रईस और समीर के नाम कर दी। फरीदा के मुताबिक, इससे उनके परिवार से करीब 15 लाख रुपये की ठगी हुई।फरीदा ने यह भी बताया कि वार्ड नंबर 28 से जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवार रईस बड्डा कब्जा दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगता था और लगातार धमकाता रहा। तनाव के चलते फरीदा के पति की तबियत बिगड़ी और उन्हें पैरालिसिस का अटैक आया।29 नवंबर 2025 को पुलिस ने सभी आरोपियों पर ऋकफ दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक पवन कुमार को सौंप दी। फरीदा ने सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग भी की है। गांव में इस कार्रवाई के बाद चर्चा है कि पहली बार रईस बड्डा की दबंगई खुलकर सामने आई है।

# सीएम योगी पहुंचे नरेश तोमर की बेटी के विवाह समारोह में



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** गाज़ियाबाद स्थित वेदांता फार्म्स में हापुड़ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर की बिटिया के विवाह समारोह में शनिवार शाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।हरियाणा व उत्तर प्रदेश में बेहद व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद मुख्यमंत्री का विवाह समारोह में पहुंचना क्षेत्र में चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने पश्चिम यूपी में चल रही तमाम राजनीतिक अटकलों पर विराम लगाते हुए यह संदेश दिया कि वह पूरी मजबूती से अपने साथियों के साथ खड़े हैं।समारोह में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, वर्तुल शिशोदिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के आगमन से समारोह में उत्साह का वातावरण रहा और परिवार व उपस्थित लोगों ने उनका हार्दिक स्वागत किया।

## एसआईआर कार्य में तेजी लाने के निर्देश, तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**जहांगीराबाद।** आगामी चुनावों की तैयारियों को देखते हुए चुनाव आयोग ने एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में शनिवार को तहसीलदार अनूपशहर संजय कुमार ने नगर पालिका के पुराने कार्यालय का निरीक्षण कर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने एसआईआर प्रक्रिया को युद्धस्तर पर आगे बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे घरझघर जाकर सही एवं सत्यापित जानकारी एकत्र करें तथा बिना जांच-पड़ताल के कोई भी फॉर्म जमा न करें। तहसीलदार संजय कुमार ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए एक भी त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी।

## ऑपरेशन शस्त्र के तहत पुलिस की कार्रवाई अवैध असलहे सहित एक आरोपी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र के निदेशों के अनुपालन में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हाफिजपुर थाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी तलाशी में उसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद किया गया।पुलिस के अनुसार, नियमित गश्त व सघन चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर आरोपी को रोका गया। पूछताछ और तलाशी में उसके पास से अवैध हथियार मिला, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।थाना हाफिजपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन शस्त्र के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार तेज गति से चल रहा है और ऐसे अपराधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत

संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रखौना रिंग रोड ओवरब्रिज पर रविवार की दोपहर में हरहुआ से मिजार्मुराद के तरफ जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार को इलाज हेतु बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा गांव निवासी कमलेश कुमार यादव उर्फ चरन उम्र (50) वर्ष पुत्र स्व.कोले राम यादव बाइक से अपने ससुराल शादी में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे जैसे ही रखौना रिंग रोड ओवरब्रिज पर पहुंचे पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे बाइक सवार कमलेश अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज पर बने डिवाइडर से जा टकराए सिर में गम्भीर चोट होने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों व राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी द्वारा एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया जहां डॉक्टरों ने कमलेश को मृत घोषित कर दिया।मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा व एक पुत्र व छह पुत्री का पिता बताया गया।मृतक खेती किसानी कर के अपना परिवार चलाता था।कमलेश के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया व बस्ती सन्नाटा झा गया।चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## पकड़े गए अफगानी नागरिक की हो रही जांच-पड़ताल



**मिजार्मुराद।** कछवांरोड पर शनिवार की देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा पकड़े गए बाइक सवार अफगानी नागरिक को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल की जा रही हैं। अफगानी नागरिक के पास से यूनाइटेड नेशंस हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजीस की ओर से जारी रिफ्यूजी कार्ड व मोबाइल फोन मिला हैं। आईबी व एलआईयू की टीम कार्ड के सत्यापन समेत नागरिकता की जांच-पड़ताल कर रही हैं। थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने बताया कि अफगानिस्तान के काबुल निवासी पीर बादशाह बाइक पर सवार होकर कोलकाता से नागपुर जा रहा था। चेकिंग के दौरान संदेह होने पर जब दस्तावेज मांगे गए तो उसके अफगानी होने की जानकारी हुई। अफगानी नागरकि के पास न तो पासपोर्ट था और न ही वीजा मिला।

# क्षेत्रीय प्रबंधक को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक खलीलाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक सीडी पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को जनपद मुख्यालय पर स्थित आशिर्वाद होटल में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन देर शाम आरंभ हुआ।

बैंक के अधिकारियों तथा बैक कर्मचारियों के अलावा बैंक संगठन के लोगो ने सीडी पांडेय को अंग वस्त्र तथा गिफ्ट भेट किए। अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय प्रमुख विजय प्रसाद उनके कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि आप ने सभी बैंक कर्मियो को साथ लेकर सरकार का द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरुरत मंदो तक पहचाया है।जिन्हें कभी भुलाया नही जा सकता है।तथा कहा कि जैसे व्यक्ति जन्म लेते समय उसके मृत्यु की तिथि ईश्वर नियत कर देता है। उसी तरह सरकारी नौकरी मिलते ही उसी दिन उसके नियुक्ति पत्र में सेवानिवृत्त की तिथि अंकित कर दिया जाता है। जब व्यक्ति सरकारी सेवा से मुक्त होता है। तो निश्चित ही उसके जीवन शैली में परिवर्तन आ जाता है। समय से आफिस आना तथा अपने जिम्मेदारी को निर्वाहन करने से मुक्त हो जाता है। आयोजन का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक केपी सिंह तथा आयोजन का समापन मुख्य प्रबंधक अभिनव कुमार द्विवेदी ने किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक विजय प्रसाद, पूर्व प्रशासनिक प्रमुख के सी शुक्ला, पूर्व एजीएम आर के पांडेय, संजय शाही, वीरेन्द्र पांडेय, अंशुमान मिश्रा, बृजभूषण मिश्रा,

मुख्य प्रबंधक अभिनव द्विवेदी, वरिष्ठ प्रबंधक केपी सिंह,विधि अधिकारी पवन कुमार, अभिनाष कुमार राय,शाखा प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी,अब्दुल अव्वल, सौरभ मणि त्रिपाठी, अभिशेष वर्मा, एस के सिंह, संजय कुमार, फरहान वारिस खान के अलावा तमाम बैक कर्मी मौजूद रहे।

# देश नफरत से नहीं बल्कि भाईचारगी से बढ़ेगा आगे : प्रो0 रविकान्त

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत दुधवनिया बुजुर्ग गांव में 1857 प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में बहादुर शाह जफर का योगदान विषय पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन विधायक फरेंदा वीरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रमुख इतिहासकार प्रो0 राम पुनियानी, विचारक प्रो0 रविकान्त सोशल एक्टिविस्ट शकीला शाहीन, बहादुर शाह जफर की पड़पौत्र पुत्र वधु बेगम समीना व बदरे आलम ने सरदार भगत सिंह, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गांधी व बहादुर शाह जफर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य वक्ता प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो0 राम पुनियानी ने मुगल बादशाहों के कुर्बानियों को याद कर इतिहास को सही ढंग से पेश करने की बात करते हुए कहा कि आपसी भाईचारगी व सभी धर्मों के सम्मान से ही देश सही दिशा में जा सकता है। संविधान का पालन कर व धर्म के नैतिकता वाली पार्टी के साथ वर्तमान पीढ़ी को चलने की जरूरत है। आज संविधान का अपमान हो रहा है। भावनात्मक मुद्दे से नफरत फैलाया जा रहा है। नफरत का बीज न परोसकर समाज के पुनर्निर्माण की जरूरत है। बराबरी के आंदोलन में सहभागिता निभाएं। आज समस्या को सही ढंग से समझ कर उसके निदान की पहल करने की जरूरत है। प्रो0 रविकान्त ने कहा कि वर्तमान सरकार देश के लोगों को गुमराह कर रही है। पूर्वजों के इतिहास को गलत तरीके से पेश कर भविष्य को विकलांग बनाने की साजिश हो रही है। आजादी के सपनों का भारत जो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने देखा था उसे साकार करने के लिये देशवासियों को आपसी नफरत नहीं बल्कि भाईचारगी के काम करना होगा। बहादुर शाह जफर की पड़पौत्र पुत्र वधु बेगम समीना ने कहा कि देश में गंगा जमुना तहसील से देश विकास की ओर आगे बढ़ेगा ना कि नफरत से।

उन्होंने कहा कि देश में जातिवादिता संकीर्ण विचारधारा को जन्म दे रहा है। देश की आजादी के लिए अमर शहीदों को याद करते हुए उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई लिखाई में लड़कियों को आगे बढ़ने की जरूरत है। कहा कि बहादुर शाह जफर ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। उनकी कुबार्नी को देश कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के लिये उनके दिये गये योगदान व संघर्षों को याद रखना होगा।

कार्यक्रम को सोशल एक्टिविस्ट शकीला शाहीन, विधायक सय्यदा खातून, पूर्व सांसद लालमणि प्रसाद, पूर्व सांसद चन्द्रशेखर त्रिपाठी, सुरेन्द्र चौधरी, काजी सुहेल अहमद, जगदीश पांडेय आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक स्वतन्त्रता सेनानी मौलाना अब्दुल कय्यूम रहमानी फाउण्डेशन अध्यक्ष बदरे आलम, डॉ0 सरफराज अंसारी, दयासागर पाठक, अकील अहमद, यशोदा श्रीवास्तव, डॉ जावेद कमाल, हाफिज सनाउल्लाह, सजाउद्दीन, खलकुल्लाह, शिवप्रसाद वर्मा, हरिराम यादव, राममिलन भारती, शिवचंद भारती, दीपक यदुवंशी, जहीर आलम आदि मौजूद रहे।

# मुखबिरी के शक में ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर हालत मे रेफर

वेलकम इंडिया



**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत में स्मैक तस्कर ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मुखबिरी करने के शक में पड़ोसी व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर गंभीर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने घायल को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया है।घायल के भाई ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। डीआईजी सहारनपुर अभिषेक ने तीनों जनपद की पुलिस को ऑपरेशन सवेरा चला कर क्षेत्र को नशा मुक्त करने के निर्देश दे रखे हैं।मगर पुलिस खाना पूर्ति कर रही हैं। मादक पदार्थ तस्कर खुलेआम पुलिस को चुनौती देकर अपना काला कारोबार कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो नगर एवं क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्कर पूर्ण रूप से सक्रिय हैं और खुलेआम स्मैक, गांजा, सुल्फा, शराब सहित आदि मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में देखने को मिला। लगभग एक माह पूर्व कैराना पुलिस ने गढ़ी दौलत निवासी स्मैक तस्कर इमरान को लाखों की स्मैक सहित गिरफ्तार किया था।और अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी तस्कर फिर से अपने कारोबार में लगा हुआ है।स्मैक तस्कर इमरान का शक है कि उसके पड़ोसी मेहरबान पुत्र लियाकत ने पुलिस से उसकी मुखबिरी की थी। मुखबिरी के शक में आरोपी ने शनिवार की देर शाम अपने दो अन्य भाइयों के साथ मिलकर घर पर बैठे पीड़ित व्यक्ति मेहरबान पर लाठी डंडे पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला बोल दिया। शौर शराबा होने पर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में पीड़ित व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। घायल के भाई कुर्बान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी मादक पदार्थ तस्कर सहित उसके अन्य दो भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन सवेरा पड़ा फीका मादक पदार्थ तस्करों का बोलबाला

**कांधला।** डीआईजी के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सवेरा पर पुलिस मादक पदार्थ तस्करों पर शिकंजा कसने में नाकाम हो रही है। कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर पुरुषों सहित महिला व बच्चे भी मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के काई गांव में खुलेआम मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है। पुलिस के द्वारा ढीला रवैया अपनाने से मादक पदार्थ करो का बोलबाला है और मादक पदार्थ तस्करों के हौसले बुलंद हैं। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मादक पदार्थ तस्कर की दबंगई देखने को मिली मादक पदार्थ तस्कर ने खुलेआम एक ग्रामीण को चुनौती देते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को लगभग 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई भी सफलता नहीं लगी पुलिस का ढीला रवैया होने से नगर एवं क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।


## महिला ने सगी बहन पर लगाया मारपीट का आरोप

**कांधला।** क्षेत्र के गांव गढ़ीरखा निवासी महिला कलावती पत्नी ब्रजपाल ने अपनी सगी बहन संगीता पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।पीड़िता ने बताया की उसके पति ब्रजपाल के साथ अवैध संबंध होने को लेकर दोनों के बीच कई बार कहासुनी हो चुकी है। आरोप है कि शाम के समय कलावती जब घर पर अकेली बैठी थी, तभी संगीता अचानक घर में घुस आई और गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर उसने कलावती के साथ मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्हें देख आरोपी बहन फरार हो गई। घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार पर हमले के बाद अस्पताल पहुँचे विधायक रामचंद्र यादव

### डॉक्टरों से ली स्वास्थ्य की जानकारी, पुलिस को हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया/फतेह खान



**अयोध्या।** वजीरगंज स्थित हिंदुस्तान अखबार कार्यालय के बाहर वरिष्ठ पत्रकार राममूर्ति यादव पर अज्ञात हमलावरों द्वारा किए गए जानलेवा हमले से पूरा जिला स्तब्ध है। घटना की सूचना मिलते ही रुदौली विधायक रामचंद्र यादव व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय शनिवार शाम जिला अस्पताल पहुँचे,जहाँ घायल पत्रकार का उपचार चल रहा है।

अस्पताल पहुँचकर विधायक ने वरिष्ठ डॉक्टरों से राममूर्ति यादव की शारीरिक स्थिति, चोटों की प्रकृति और उपचार की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि पत्रकार को सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण विशेष निगरानी में रखा गया है।इसके बाद विधायक ने पुलिस अधिकारियों से घटना के संबंध में बातचीत की। और हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए आवश्यक सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं, उन पर हमला लोकतंत्र पर हमला है, इसलिए दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि यह बेहद निंदनीय घटना है। मैं ईश्वर से राममूर्ति यादव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। पुलिस प्रशासन से कहा है कि हमलावरों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

पत्रकार पर हुए हमले की घटना से जिलेभर के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश है। कई पत्रकार संगठनों ने हमले की कड़ी निंदा की है। और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की माँग की है।

## सार संक्षेप

### संतकबीरनगर जिला प्रभारी बने प्रजा राज्य पार्टी के अफताब अंसारी



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व डीएसपी जयराम गौतम ने अफताब अंसारी सन्तकबीरनगर जिला प्रभारी मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर राप्रपा अध्यक्ष तनवीर अहमद सनी, महिला प्रभारी प्रियंका निषाद, युवा अध्यक्ष प्रोफेसर नदीम खान, छात्र शक्ति संगठन अध्यक्ष व भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरि, पुर्वांचल अध्यक्ष नवाज शेरवानी, श्रीराम कसेरा,प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी गोरखपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, महराजगंज जिला प्रभारी तनवीर खान, युवा जिलाध्यक्ष अमजद खान. अमीन. प्रीति राव, शर्मिला गौतम,राजकुमार, शकील अहमद शहजादे, अफताब अंसारी, नेहा आदि ने बधाई दी एवं आशा व्यक्त की कि अफताब अंसारी संतकबीरनगर जिले में पार्टी को मजबूत करेंगे उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी.(राप्रपा) के सह प्रवक्ता श्रीराम कसेरा ने दी।

### राज किरण होटल एवं रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ किया गया



**झांसी।** नगर की हर्दयस्थली कहे जाने वाले इलाइट चौराहा के नजदीक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित राज किरण होटल एवं रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा ने फीता काटकर किया. आकर्षक लाल थीम वाले साइनबोर्ड और सुंदर लाइटिंग से सजा यह नया होटल स्थानीय लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और रेस्टोरेंट में उपलब्ध विशेष व्यंजनों एवं सेवाओं की जानकारी ली। होटल के ऑनर राज जाट ने बताया कि यहाँ साफ-सुथरे, आरामदायक कमरों के साथ परिवारों के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।ह्लजाट के ठाटह्व थीम वाले आकर्षक लोगो ने लोगों का ध्यान खींचा और रेस्टोरेंट की विशिष्ट पहचान पेश की। स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों ने नए होटल के शुभारंभ पर प्रसन्नता जताते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन के साथ ही शहरवासियों में एक नए और बेहतर ठहराव व भोजन स्थल का विकल्प जुड़ गया है। इस दौरान वीरेंद्र प्रताप सिंह, जयसिंह राणा, संजय सिंह, मनोज, अमित, पुनीत, अनिल कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव आर्ट एंड क्राफ्ट एग्ज़िबिशन का आयोजन किया गया




**झांसी।** सीएल मेमोरियल पब्लिक स्कूल, दीनदयाल नगर आवास विकास झांसी में रविवार को ह्यरंगोत्सवह्न आर्ट एंड क्राफ्ट एग्ज़िबिशन का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन, स्टाफ एवं छात्रों द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी डॉ. सुधाकर पांडे व समाजसेविका डॉ. कुसुम पांडेय व स्कूल की डायरेक्टर डॉ. रश्मि शुक्ला ने शामिल होकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नवाचार को बढ़ावा देती हैं।एग्ज़िबिशन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें छात्रों द्वारा बनाए गए पेंटिंग, क्राफ्ट आइटम, मॉडल और विभिन्न कला प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. रश्मि शुक्ला ने सभी अभिभावकों एवं आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत और कला को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सुचित्रा सिंह, अभिषेक शर्मा, पल्लवी पाठक, रश्मि पांडेय, वर्धा, श्रष्टि शर्मा, ओमनीय चतुर्वेदी, निधि चौरसिया तृप्ति यादव, काजल साहू आदि रहे।

# कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का का प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर का प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम के नेतृत्व में टेमा रहमत चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश सचिव अब्दुल अजीम के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री पंचायतीराज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एंव हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभासपा ओम प्रकाश राजभर का गोरखपुर जाते समय टेमा रहमत चौराहे पर स्वागत किया। इस अवसर पर

विनोद राजभर राष्ट्रीय सचिव, मुहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी, अब्दुल कय्यूम, ताजुद्दीन, मुहम्मद अहमद, इरशाद अहमद, साजिद खान, सफीकुर्रहमान, हबीबुर्रहमान, इरफान अहमद, , ऋतिक जायसवाल, बृजभूषण मिश्रा, अबू बकर, सद्दाम हुसैन, मुनव्वर हुसेन, शाहिद अली, अंसार अहमद, आफताब अहमद सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने आधा दर्जन वारंटी व जुआरी किए गिरफ्तारी

**कांधला।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर एक मैरिज होम के निकट जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। दूसरी और पुलिस ने तीन वारंटी भी गिरफ्तार किए हैं। शनिवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि कैराना मार्ग एक मैरिज होम के निकट जुआरी,जुआ खेल रहे हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने, कस्बा निवासी याकूब, अरशद एवं अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से हजारों की नगदी व ताश के पत्ते बरामद हुए। दूसरी और पुलिस के द्वारा विशेष अभियान में पुलिस ने वारंटी नई बस्ती निवासी इस्लाम, गढ़ी दौलत निवासी दाऊद व गांव गढ़ी श्याम निवासी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसआर गार्डन एंड रिसोर्ट का भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** ग्राम डेली में स्थित एस. आर. गार्डन एंड रिसोर्ट का बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भव्य उद्घाटन किया गया।रिसोर्ट के पूर्व प्रधान डेली व ऑनर सीताराम यादव नन्ना एवं चन्दपाल यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर इसका शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिक, ग्रामीण तथा अतिथि मौजूद रहे। सभी ने नए रिसोर्ट के स्वरूप और इसकी आधुनिक सुविधाओं की सराहना की। रिसोर्ट के खुलने से ग्राम डेली और आसपास के क्षेत्र में विवाह, समारोह तथा पारिवारिक आयोजनों के लिए एक नया और आकर्षक स्थल उपलब्ध हो गया है।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव,धीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव, चंद्र प्रकाश यादव, राजपुर प्रधान गोविन्द यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, नेता जी सीता राम यादव (प्रधानजी),सियाराम यादव,सूरज यादव, चंद्रप्रकाश यादव, रवि राम यादव, हर्ष यादव, हर्षित यादव और हिमांशू यादव आदि गणमान्य लोग एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम



वेलकम इंडिया

**कांधला।** (मोहसिन रहमानी) रविवार को कस्बे के दो स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 128 वें एपिसोड को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ. सिमरन एवं सभासद प्रदीप भार्गव के निवास पर किया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनकी दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति की सराहना की।वहीं मंडल कार्यालय पर भी मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन की अगुवाई में कार्यकताओं ने मन की बातह्व सुनी। डॉ. रश्मिकांत जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री का संवाद देशवासियों के दिलों को छूता है और ऐसा प्रतीत होता है कि वे हर नागरिक से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए हैं।कार्यक्रम में, दीपक गुप्ता, रवि नामदेव, पूजा सैनी, अशोक चौहान, अंकित शर्मा, राजीव शर्मा, डॉ. रामकुमार शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड भारसी मोड़ के निकट थार गाड़ी चालक ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी? गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किया है। रविवार को कैराना निवासी इंतजार एवं उम्रदराज अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बागपत जनपद के कस्बा बडौत जा रहे थे। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित भारसी मोड़ पर पहुंचे तो विपरीत दिशा से आ रहे थार गाड़ी चालक ने लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए।

# अधिकारी फील्ड में रहकर गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा कराने में बीएलओ का करें सहयोग

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज बिना विलम्ब कराने के लिए विधानसभा बिजनौर क्षेत्र अंतर्गत 6 मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज करते रहें और फार्म कलेक्शन कार्य में लगे विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को मतदाताओं का सहयोग करने और भरे हुए फॉर्म मतदान केंद्र पर जमा करने के लिए प्रेरित करते रहें ताकि कोई भी मतदाता अपना गणना प्रपत्र जमा करने से न छूटे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर विधानसभा क्षेत्र बिजनौर के अंतर्गत ग्राम तिमरपुर, सैंट जोसफ स्कूल, लूईस ली पार्कर इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में स्थापित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थीं।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अपने फार्म भरकर तत्काल बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं ताकि उनको जल्द से जल्द डिजिटाइज्ड किया जा सके। उन्होंने सभी मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 4 दिसंबर की प्रतीक्षा न करें यथासंभव तत्काल अपने गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं ताकि वह उनको ऑनलाइन फीड कर सकें। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं द्वारा अपने गणना प्रपत्रों को जमा नहीं किया जाएगा, उनके नाम नई वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे, जिसके फलस्वरुप वे अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित हो जाएंगे।

# डीएम ने ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर से एसआईआर प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए

वेलकम इंडिया मयूर खान



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजर से सूर सदन प्रेक्षागृह में सीधा संवाद करते हुए, बूथवार एसआईआर प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम आगरा साउथ के बीएलओ, सुपरवाइजर से संवाद करते हुए कुल गणना पत्र वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन प्रतिशत की प्रत्येक बीएलओ, सुपरवाइजर से बूथवार रिपोर्ट तलब की। कम प्रगति वाले बीएलओ, सुपरवाइजर से खराब प्रगति, फील्ड में आ रही समस्याओं के कारण की जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि वितरित किए गणना पत्र, डोर टू डोर मतदाताओं से संपर्क करने के बाद भी मतदाताओं द्वारा गणना पत्र भरकर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं, जिससे संकलन में समस्या आ रही है, जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के बीएलए, पार्षद, सहायता हेतु लगाए गए नगर निगम के कार्मिकों आदि से समन्वय कर शतप्रतिशत गणना पत्र संकलन करने, बीएलओ ऐप के माध्यम स्वयं तथा नजदीकी डिजिटाइजेशन सेंटर पर संपर्क कर उन्हें प्राप्त सभी गणना पत्र डिजिटाइज कराने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि 30 नवंबर रविवार को एसआईआर के ॒विशेष अभियान॒ के अंतर्गत मतदाता गणना पत्रों के संकलन हेतु सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सुबह 08 बजे से घर घर, डोर टू डोर पहुंचेंगे, सभी मतदाता, फैक्ट्री वर्कर, अन्य जगह कार्यरत मतदाता कल रविवार होने से छुट्टी घर पर रहेंगे वे सभी कल सर्व प्रथम अपने गणना पत्र भर कर हस्ताक्षर कर बीएलओ को दे दें, यदि उनके पास 2003 की मतदाता सूची की जानकारी नहीं है तो उस कॉलम की जानकारियों को बीएलओ, सुपरवाइजर भरने में मदद व सहयोग करेंगे। सभी मतदाता अपना नाम, एपिक नंबर आदि भरकर, हस्ताक्षर, अंगूठा निशानी कर के कल सुबह बीएलओ को दे दें जिससे कि उनका नाम मतदाता ड्राफ्ट में आ जाए। अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

## पिथौरागढ़ जिले से बागेश्वर इलाज को पहुँची महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में पेट दर्द की शिकायत पर इलाज कराने पहुंची एक महिला की इलाज के दौरान मौत होने से जिला अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।सभी जिलों में समुचित स्वास्थ व्यवस्था के दावों पर फिर सवालिया निशान उठने लगे हैं, वही इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में चिकित्सक पर इलाज हेतु पैसे वसूलने के भी परिजनों ने आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल में हंगामा काटा।और इलाज के लिए चार हजार रुपए मांगने के आरोप लगाए हैं।स्वास्थ मंत्री जनता को चाहे कितना गुमराह करने का प्रयास करें, लाख झूठ बोलकर खुद को मजाक का पात्र बनाएं परंतु स्वास्थ व्यवस्थाएं बद से बदतर होती जा रही हैं। जिला अस्पताल एक बार फिर चचाओं में हैं। यहां इलाज के लिए आई एक महिला से यहां की कर्मचारी ने पांच हजार रुपए वसूले तथा बाजार की दवाइयां लिखी। परंतु महिला की मौत हो गई। जिलाधिकारी द्वारा भी यहां भ्रमण करके व्यवस्था चाक चौबंद रखने को कहा गया है साथ ही सीएमएस के प्रयास व कड़क कार्यशैली का चिकित्सा विभाग में असर नही हो रहा है। कर्मचारी जनता को लूट रहे हैं,जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह पिथौरागढ़ जिले के संगौड़ बेरीनाग निवासी 33 वर्षीय कविता पाठक को पेट दर्द थी जिसको शनिवार की सुबह से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। जानकारी के अनुसार उसे परिजनों ने तुरंत बेरीनाग अस्पताल पहुंचाया जहां उसके इलाज के बाद चिकित्सकों ने रेफर किया। परिजन महिला को लेकर बागेश्वर जिले में महिला रोग विशेषज्ञ होने और अच्छा इलाज होने की बात करते हुए जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज किया गया।

# पेंशनरों ने किया कैंडिल मार्च आंठवे वेतन आयोग के दायरे में पुराने पेंशनरों को शामिल करने की मांग

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएश शाखा वाराणसी द्वारा प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर वरूणा पुल शास्त्री घाट से सर्किट हाउस तक ध्यान आकर्षण कैंडल मार्च किया मार्च के पश्चात संक्षिप्त सभा में कहा गया कि बीते दिनों 3 नवम्बर 2025 को घोषित आंठवे वेतन आयोग के दिशा निर्देश में पुराने पेंशनरों को बहिष्कृत किया गया है जिससे भविष्य में आयोग द्वारा आने वाले संस्तुतियों इनको आर्थिक रूप से बड़ी हानि होने वाली है जिसका प्रभाव सभी विभाग के पेंशनर जो 1 जनवरी 2005 के पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं वेतन आयोग के इतिहास में पहली बार सरकार द्वारा इन बुजुर्ग पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को छोड़कर दिशा निर्देश जारी किया गया जिससे इस वर्ग में भारी आक्रोश व भय व्याप्त है

मध्यम तथा निम्न वर्ग से आने वाला यह पेंशनर शासन के नीतियों के अनुकूल देश को नयी दिशा देने में भरपूर योगदान दिया है इनके कार्यों से प्रभावित होकर उच्चतम न्यायालय ने कहा था पेंशन उनका अधिकार है वह कृपा पर आधारित नहीं है न्यायालय व पेंशनरों के इस भावना पर चोट होता है तो पेंशनर को मजबूरी में यह मार्च करना पड़ रहा है जिससे अपने अस्तित्व को बचाए रखें।

यह भी स्पष्ट किया गया कि सरकार की पेंशनरों के प्रति नीतियां अन्यायपूर्ण विरोधाभाषी होती जा रही क्योंकि उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद भी पेंशनरों से राशिकरण कटौती करने का आदेश जारी किया जा रहा है अतएव कदम मार्च व सभा के माध्यम से अपने सांसद/प्रधानमंत्री के आंठवे वेतन आयोग में पुराने पेंशनरों को शामिल करते हुए राशिकरण कटौती बन्द करने की मांग की गयी।

सभा के अन्त में जिला संगठन द्वारा प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी,पुलिस कमिश्नर के प्रतिनिधि को सौंपा गया प्रतीक कैडिल मार्च में सभी विभागों के बुजुर्ग पेंशनर शामिल हुए ।

# आप वाराणसी के कार्यकर्ताओं ने बीएलओ की हुई मौत पर की शोक सभा



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

वाराणसी। कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क में आम आदमी पार्टी जिला वाराणसी की तरफ से 26 से अधिक बीएलओ की आकस्मिक हुई मृत्यु पर शोक सभा कर श्रद्धांजलि दिया गया काम अधिक होने और निर्वाचन अधिकारियों के दबाव होने की वजह से इछड२ ने 25 से अधिक की संख्या में सुसाइड किया है,जिसकी सारी जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की बनती है निर्वाचन आयोग को भार कम करने हेतु समय सीमा बढ़ाने की जरूरत थी आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग से मांग करती है कि एसआइआर प्रक्रिया की समय सीमा को बढ़ाया जाये ताकि कोई भी मतदाता मताधिकार से वंचित ना हो सके।

शोक सभा में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल,रेखा जायसवाल,घनश्याम पांडे,एजाज अहमद,शारदा टंडन, अमर सिंह पटेल,गुलाब राठौर,निलेश कुमार सिंह,नागेंद्र गुप्ता,जयप्रकाश सिंह,राजेश कुमार वर्मा,राजकुमार पटेल, सतीश पटेल,रेहान अहमद,रामबली,विनोद

# कार ने बाइक सवार युवक को कुचला मौके पर मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना कोतवाली शहर क्षेत्र में डीएम कंपाउंड के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ। मृतक की पहचान रामलीला ग्राउंड निवासी 26 वर्षीय राहुल सैनी पुत्र अरुण के रूप में हुई है। राहुल अपनी बाइक पर घर लौट रहा था, तभी डीएम कंपाउंड के पास चर्च के निकट एक वेन्यू कार ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश कर रही है।राहुल सैनी एक कूरियर कंपनी में काम करता था और ड्यूटी से घर लौट रहा था। परिवार में वह दो भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई की थी।

शहर कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और कार को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुस्तकालय का शुभारंभ किया छात्र-छात्राओं को निशुल्क अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाएगी



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर कोतवाली देहात।** कस्बे में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को निशुल्क अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाएगी। नहटौर मार्ग पर पुस्तकालय का शुभारंभ समाजसेवी सोनू सैनी ने किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।बच्चों को शिक्षा से जोड़ना सराहनीय प्रयास है। पुस्तकालय में बच्चों को पढ़ने का अच्छा माहौल मिलेगा।इस अवसर पर बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी गई ।पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के लिए काउंसलिंग की व्यवस्था की गई है।छात्र-छात्राएं निशुल्क परामर्श ले सकेंगे। इस दौरान ललित कुमार, गौरव कुमार,मुकेश कुमार, दीपक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट ने यातायात पखवाड़े के अंतर्गत नगर में यातायात के संचालन में सहयोग किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज चांदपुर के एनसीसी कैडेट ने यातायात पखवाड़े के अंतर्गत नगर में यातायात के संचालन में सहयोग किया। एनसीसी कैडेट ने नगर के दोनों रेलवे फाटक पर होने वाली जाम की समस्या को देखते हुए। यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन पर हेलमेट जरूरी है तथा चार पहिया वाहन पर गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है यह भी लोगों को बताया। कैडेट ने मोटरसाइकिल या स्कूटी पर बैठे तीन सवारियों को रोक कर होने वाली दुर्घटना आदि के बारे में उनको जागरूक किया। गर्ल्स कैडेट का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर मनु वर्मा तथा अंडर ऑफिसर शुमैला मलिक ने किया तथा बॉयज कैडेट का नेतृत्व अंडर ऑफिसर निकित कुमार ने किया ! महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार ने कैडेट को यातायात कंट्रोल तथा उसके नियमों के बारे में जानकारी देकर ब्रीफ किया।

# आज 1 दिसंबर से शुरू हुई योजना में उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की जा रही



वेलकम इंडिया /राजीव चौधरी

**सहारनपुर/ गागलहेडी।** विधुत विभाग सहारनपुर अधिशासी अभियंता राज कपूर व एसडीओ अंकित त्यागी कैलाशपुर व अवर अभियंता सुनील कुमार द्वारा गागलहेडी कस्बे व गांव-गांव जाकर छूट का प्रचार प्रसार कराया गया

यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को योगी सरकार ने दी आज से बड़ी राहत, आज 1 दिसम्बर से चलेगा अभियान बिजली चोरी के मामलों से राहत और मुकदमों से मिलेगा छुटकारा उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को योगी सरकार बड़ी राहत दी आज 1 दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना आज से लागू होने जा रही है पहली बार 100 फीसदी ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी भारी छूट मिलेगी।घरेलू और कर्मशियल उपभोक्ता इसका लाभ उठाएंगे। 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक बिल जमा होंगे।

सहारनपुर राज कपूर अधिशासी अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया इस योजना के तहत दो किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ता और एक किलोवॉट तक के दुकानदार उपभोक्ताओं को मूलधन में 25 फीसदी तक की भारी छूट मिलेगी। इसके साथ ब्याज पर 100 फीसदी छूट मिलेगी।बकाया बिल को छोटी-छोटी आसान किस्तों में जमा करने की भी सुविधा उपभोक्ताओं को मिलेंगी।बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा अपने आप औसत खपत के हिसाब से कम करने की सुविधा मिलेगी।

योगी सरकार ने उपभोक्ताओं को सभी प्रकार के बिजली चोरी के मामलों में भी राहत देने की घोषणा की है।इस योजना के तहत उन्हें मुकदमे से छुटकारा मिल सकेगा।यह योजना जल्दी आएं,ज्यादा छूट पाएं के ऑफर के साथ लागू की जा रही है।

# राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नजीबाबाद।** स्व रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्प लता माहेश्वरी की स्मृति में राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए गांव में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए।ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर डॉ प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों की जांच भी की गई और उनसे ठंड के मौसम में सावधानी बरतने का आह्वान किया गया ।

अंत में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कार्यक्रम कहा कि आगे भी समय-समय पर होते रहेंगे कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया वही कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी और निशा महेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना और संचालन वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया।

इस अवसर पर विवेक माहेश्वरी, निशा महेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप महेश्वरी, ममता देवी ,सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# स्वदेशी आंदोलन के महानायक को दी श्रद्धांजलि




वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** स्वर्गीय रूपेश पांडे एवं स्वदेशी आंदोलन के प्रखर प्रवक्ता स्वर्गीय राजीव दीक्षित जी की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर 30 नवम्बर रविवार को रूपेश पांडे स्मृति भारत कथा न्यास द्वारा भारत माता मंदिर काशी विद्यापीठ परिसर में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं एवं स्वदेशी विचार धारा से जुड़े लोगों ने दोनों महान व्यक्तित्वों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम श्रद्धा एवं गंभीरता के साथ सम्पन्न हुआ तथा अंत में सभी उपस्थित जनों ने ह्यस्वदेशी अपनाओ भारत बचाओह्ण संकल्प लियो कार्यक्रम की अध्यक्षता एड.कृपा शंकर पांडे एवं संचालन डॉ.संजय सिंह गौतम ने किया ।

इस अवसर पर देव कुमार राजू ए.के.लारी,नागेंद्र प्रताप सिंह,विनय शंकर राय, अवधेश दीक्षित,संजय कुमार सिंह, बृजेश सिंह,डॉ नंदू सिंह,डॉ प्रमथेश पांडे,जगन्नाथ ओझा,डॉ वीरेंद्र यादव,हरिओम दुबे,निलेश सिंह,पवन कुमार सिंह, डॉक्टर रवि सिंह,बाबूलाल राजभर, रत्नेश पांडे,रितेश पांडे, शांतनु त्रिपाठी, रजनीश आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र जाँच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन

**वाराणसी।** बजरडीहा क्षेत्र में बुनकर समुदाय के लिए नि:शुल्क नेत्र जाँच, नंबर वाले चश्मे वितरण तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 30 नवम्बर 2025 रविवार को हँफिया गौसिया मदरसा परिसर में किया गया शिविर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहो शिविर में सभी आयु वर्ग के लोगों की जाँच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा की जाएगी जिनमें डॉ.संदीप तिवारी, डॉ.ऑप्ट. आशुतोष, संजय गुप्ता, सत्यम सिंह, सत्यम नामदेव, अजीत कुमार,अनिल जाटव,अरुण गौतम और रज्जन शामिल हैं। जाँच,नंबर वाले चश्मे तथा मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। यह शिविर बजरडीहा हथकरघा क्लस्टर विकास संस्थान द्वारा अध्यक्ष मोहम्मद स्वालेह अंसारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया है। सहयोग में हाजी अब्दुल अहद उर्फ हाजी पहलवान, बाबू भाई,सगीर अहमद, मोहम्मद जमील,बिचिल उस्ताद, इस्तखार पहलवान,नूरुद्दीन, कमरुद्दीन, कल्लू, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद आरिफ, हामिद, सलमान, जुल्फिकार आलम आदि रहे।

# गागलहेड़ी पुलिस की खनन माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही



वेलकम इंडिया राजीव चौधरी

**सहारनपुर।** गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने रंगे हाथ खनन करते जेसीबी व पांच ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ीं दलालों की सेटिंग की सारी कोशिशें ध्वस्त

गागलहेड़ी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने अवैध मिट्टी खनन करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गागलहेडी थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम ने क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन पर अचानक दबिश दी और मौके से एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में ले लीं पुलिस की कार्रवाई इतनी तेज थी कि खनन माफियाओं और उनके साथ जुड़े दलालों के हाथ-पैर फूल गए - सूत्रों के मुताबिक कार्रवाई के बाद कुछ दलाल थाने में पहुंचकर वाहनों को छुड़वाने के लिए सेटिंग और दबाव बनाने की कोशिश में लगे रहे - लेकिन थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने साफ शब्दों में स्पष्ट कर दिया कि अवैध खनन करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा गागलहेड़ी क्षेत्र में पुलिस की इस कार्रवाई ने खनन माफियाओं में भारी खौफ पैदा कर दिया है। इस सराहनीय कार्य को देखकर गागलहेडी क्षेत्र वासी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा की जमकर कर रहे हैं प्रशंसा

# यातायात माह के समापन पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** यातायात माह के सफल समापन पर रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा की गई तथा उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर भी उपस्थित रहे । यातायात माह के दौरान सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता, ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू संचालन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को चयनित कर कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।






पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके योगदान की सराहना करते हुए यह कहा गया कि सड़क सुरक्षा जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है, जिसमे पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है ।उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन पुलिस कर्मियों ने न केवल विभाग का मान बढ़ाया है, बल्कि जनमानस को सुरक्षित यातायात व्यवस्था प्रदान करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है ।

पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित कर्मियों को निरन्तर इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से अपेक्षा की कि वे आगामी समय में भी सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सक्रिय योगदान देते रहें ।उल्लेखनीय है कि यातायात माह के दौरान जागरूकता के साथ साथ प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गयी जिसमें यातायात, रामपुर पुलिस द्वारा कुल

10,733 चालान कियें गये जिनमें कुल 7,44,800 रुपए का राजस्व प्राप्त किया गया ।

# बागपत में डॉ लाल पैथलैब्स के अत्याधुनिक लैब सेंटर का हुआ शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**बागपत, (विवेक जैन)।** बागपत नगर के मेरठ रोड स्थित महावीर नगर में डॉ लाल पैथलैब्स के नए अत्याधुनिक लैब सेंटर का रविवार को भव्य उद्घाटन किया गया। अत्याधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित तकनीशियनों से सुसज्जित यह केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए उच्च गुणवत्ता व विश्वसनीय पैथोलॉजी सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लैब का शुभारम्भ बागपत विधायक योगेश धामा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत धीरदास महाराज और महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ लाल पैथलैब्स के वरिष्ठ अधिकारी परवेज आलम तथा मनोज चौहान ने सेंटर की कार्यप्रणाली व उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। लैब संचालकों ने बताया कि नए सेंटर में खून, मूत्र, हार्मोन प्रोफाइल, कार्डियक प्रोफाइल सहित सभी प्रमुख पैथोलॉजी जांचों के लिए अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं। साथ ही रेडियोलॉजी जांचों के लिए सैंपल कलेक्शन सुविधा भी शुरू की गई है।

शुभारम्भ कार्यक्रम में हर्ष भारद्वाज, समाजसेवी युवा प्रतिनिधि नितीश भारद्वाज, पत्रकार पिंटू जैन, अंकित शर्मा, विपिन भारद्वाज, मनीष, आशीष, निशांत भारद्वाज, दीपक, आदित्य भारद्वाज , मास्टर सुरेंद्र चौहान, सुमित प्रजापति, बादल शर्मा, संजीव अजमेरिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# पुलिस कमिश्नर की हाई-पावर क्राइम मीटिंग 2026 के लिए सख्त एक्शन प्लान तैयार

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त जे. रवींद्र गौड़ ने रविवार को अपने कार्यालय में नगर जोन में एक व्यापक क्राइम मीटिंग आयोजित की। जिसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय केशव चौधरी, पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, नंदग्राम एसीपी उपासना पाण्डेय, एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल और नगर जोन के सभी थाना प्रभारी शामिल हुए।

**संगठित अपराधों पर कड़ा शिकंजा और फील्ड मॉनिटरिंग पर विशेष जोर**

बैठक का उद्देश्य आगामी वर्ष के लिए एक मजबूत पुलिस रणनीति तैयार करना, पिछले वर्षों में दर्ज अपराधों की समीक्षा करना और अपराध नियंत्रण के लिए अधिक प्रभावी एवं कठोर कदमों का निर्धारण करना रहा। पुलिस आयुक्त ने कमिश्नरेट गठन के तीन वर्षों की कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध दर के उतार-चढ़ाव और पुलिसिंग की कार्यक्षमता का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने वर्ष 2026 को अपराध नियंत्रण के लिए निर्णायक वर्ष बताते हुए अपराध दर को पूर्व वर्षों की तुलना में 'काफी कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में पुलिस आयुक्त ने अपराध नियंत्रण से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर अधिकारियों को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। वाहन चोरी, लूट, छीनैती और महिलाओं से संबंधित अपराधों में उल्लेखनीय कमी लाने को प्राथमिकता दी गई। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसे जमीनी स्तर पर लागू करने पर जोर दिया गया। पुलिस आयुक्त ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सार्वजनिक स्थानों, शिक्षण संस्थानों, बाजारों और कार्यस्थलों के आसपास पुलिस उपस्थिति बढ़ाने की बात कही। महिला हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार बढ़ाने और रात्रिकालीन गश्त को और अधिक सघन करने के निर्देश भी दिए गए।

संपत्ति संबंधी अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

## डेबिट कार्ड से 812 रुपये की खरीदारी में 59 हजार रुपये कटने का मामला

**गाजियाबाद।** विक्रम एन्क्लेव के निवासी चंदन सिंह के साथ साइबर फ्रॉड का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। चंदन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने डेबिट कार्ड से एक डिपार्टमेंटल स्टोर से केवल 812 रुपये की खरीदारी की थी। लेकिन कार्ड मशीन में भुगतान करने के बाद उनके बैंक खाते से अचानक 59 हजार रुपये कट गए। शालीमार गार्डन पुलिस ने साइबर फ्रॉड की शिकायत मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। चंदन ने पहले इस मामले में साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। शालीमार गार्डन पुलिस के एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है। बैंक खातों की पूरी समीक्षा की जा रही है और फर्जी कटौती को लेकर बैंक से संबंधित जानकारियां ली जा रही हैं। पुलिस खातों की सही स्थिति जानने और फर्जी कटौती को वापस करवाने का प्रयास कर रही है। इस मामले ने एक बार फिर लोगों के सामने साइबर सुरक्षा और डिजिटल भुगतान के खतरे को उजागर किया है।

# जीडीए ने बकायेदारों पर कसा शिकंजा 240 करोड़ रुपये वसूलने की तैयारी तेज

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर के बकायेदारों पर अब सख्त रुख अपना लिया है। लगभग छह हजार छोटे-बड़े बकायेदारों से 240 करोड़ रुपये की बकाया राशि वसूलने की तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण ने वसूली प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है और इसकी विस्तृत रणनीति तैयार की जा रही है। जीडीए के सभी जोन में कुल मिलाकर लगभग 6000 बकायेदार हैं, जिनमें बिल्डर और आवंटियों दोनों शामिल हैं।

आंकड़ों के अनुसार, बिल्डरों पर 114 करोड़ रुपये और आवंटियों पर 125 करोड़ रुपये का बकाया है। इतनी बड़ी राशि की वसूली से जीडीए की कई रुकी परियोजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों के अनुसार, पहले चरण में सभी बकायेदारों को नोटिस भेजा जाएगा। बड़े बकायेदारों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके हैं।

नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद संबंधित जोन के पर्यवेक्षक स्वयं बकायेदारों के घर और कार्यालय जाकर वसूली करेंगे। इसके बाद भी यदि भुगतान नहीं होता है, तो जीडीए आवंटन रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाई पर विचार करेगा। यानी, जिन लोगों ने वर्षों से बकाया जमा नहीं किया है, उनकी संपत्तियां रद्द भी की जा सकती हैं। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि यदि बकायेदार अपनी बकाया राशि जमा कर देते हैं, तो शहर की कई विकास परियोजनाएं पटरी पर लौट आएंगी।

वसूली से प्राप्त राशि को अधूरे कामों, नई योजनाओं और अवसंरचना विकास पर खर्च किया जाएगा। जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि छोटे से लेकर बड़े सभी बकायेदारों से सख्ती के साथ वसूली की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने साफ निर्देश दिए हैं कि किसी भी बकायेदार को अब बकाया चुकाए बिना राहत नहीं मिलेगी। जीडीए की इस बड़ी कार्रवाई से उम्मीद की जा रही है कि लंबे समय से लंबित करोड़ों रुपये अब प्राधिकरण के खाते में जमा होंगे और शहर में विकास कार्य नई गति पकड़ेंगे।

# वार्ड 72 कौशांबी-वैशाली में एसआईआर कैंप में उमड़ी भीड़

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** वार्ड 72 कौशांबी-वैशाली में रविवार को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत एक बड़ा कैंप आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह शिविर पार्षद कुसुम मनोज गोयल के सहयोग से सेक्टर-1 स्थित मॉडर्न स्कूल, कौशांबी, सेंट टेरेसा स्कूल तथा अन्य निर्धारित केंद्रों पर आयोजित हुआ। सुबह से ही शिविर में बड़ी संख्या में निवासी पहुँचे और नए मतदाता जोड ?, नाम सुधार, पते में परिवर्तन, उम्र अपडेट सहित कई प्रकार के फॉर्म भरकर बीएलओ टीम को जमा किए। बीएलओ द्वारा पूरे प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया गया ताकि किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई और फॉर्म भरने से लेकर दस्तावेज सत्यापन तक में लोगों की मदद की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिव शंकर उपाध्याय, विनोद कुमार, गौरव गर्ग, नरेंद्र वर्मा, प्रहलाद सिंह, कामिनी भदौरिया, पूजा मेहरा, रेनू मल्होत्रा, विमल भट्ट और विमला चौधरी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के इस कैंप में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में आए लोगों ने बताया कि पार्षद एवं प्रशासन के सहयोग से मतदाता-संबंधी कार्य बेहद सरल हो गए हैं, जिससे अधिक से अधिक नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल हो पा रहे हैं। पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने शिविर की सफलता पर बीएलओ टीम, स्कूल प्रबंधन, भाजपा कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि मतदाता सूची में सही जानकारी होना लोकतंत्र की पहली जरूरत है और ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

## नगर निगम ने पालतू कुत्तों के पंजीकरण अभियान की तेजी बढ़ाई

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने पालतू कुत्तों के पंजीकरण की प्रक्रिया को अब और तेज कर दिया है। निगम की टीम सोसाइटी और कॉलोनियों में जाकर पालतू कुत्तों के पंजीकरण के लिए लोगों से अपील कर रही है। पंजीकरण नहीं कराने पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जा रहा है। नगर निगम का कहना है कि यह कदम शहर में पालतू जानवरों के स्वास्थ्य और नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। नगर निगम में वर्ष 2018 से पहले पालतू कुत्तों के पंजीकरण की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके बाद ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू की गई। शुरू में 5 हजार रुपये की फीस तय की गई थी, लेकिन विरोध के बाद इसे घटाकर क्रमशः 1000 रुपये, फिर 500 रुपये किया गया।

# नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल, गजप्रस्थ में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समपन्न- हजारों ने उठाया लाभ

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल, मालीवाड़ा गजप्रस्थ परिसर में रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक एक भव्य निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा एवं नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में हृदय रोग जांच, जनरल फिजिशियन परामर्श, आहार रोग परामर्श, बीपी, शुगर, पीएफटी, बीएमडी और नेत्र जांच सहित कई विशेष स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराए गए। स्थानीय निवासियों ने एक ही परिसर में सभी जांचें कराए जाने पर आयोजकों का आभार व्यक्त किया और इस पहल को अत्यंत सराहनीय बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी एवं व्यापारी नेता पंडित अशोक भारतीय तथा पार्षद राजेन्द्र तितौरिया द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान दोनों ने स्वास्थ्य जागरूकता को समाज की मूल आवश्यकता बताते हुए ऐसे आयोजनों को जनहित में आवश्यक बताया। शिविर में गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान के संयोजक संदीप त्यागी रसम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने निशुल्क शिविर के आयोजन पर पूरे मेडिकल टीम को बधाई दी और गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान के समर्थन की अपील भी की। शिविर को सफल बनाने में कई अनुभवी चिकित्सकों एवं कर्मियों का योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. हर्ष कुमार, डॉ. फैजल करीम, डॉ. सानिया फातिमा, त्रिलोक, पूनम, कर्मवीर, प्रवीण कुमार, जितेंद्र यादव, आदित्यराज पवार सहित कई अन्य सहयोगी शामिल रहे। इन सभी के अथक प्रयास से हजारों लोगों ने जांच करवाई और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह प्राप्त की। शिविर में आशीष भटनागर, नरेन्द्र गुप्ता, नन्दी राम केशवानी, मनोज कुमार समेत अनेक समाजसेवियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी अपनी सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। नेशनल लोकप्रिय हॉस्पिटल की ओर से डॉ. अविनाश शर्मा ने मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा की पूरी टीम, सभी चिकित्सकों, सहयोगियों और उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# गजियाबाद निवासियों को बड़ी राहत- महापौर सुनीता दयाल ने संपत्ति कर पर 20' छूट की अवधि बढ़ाई



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों को राहत देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को संपत्ति कर में दी जा रही 20 प्रतिशत छूट की अवधि को बढ़ा दिया है। यह छूट अब 31 दिसंबर 2025 तक लागू रहेगी, जिससे शहर के लाखों संपत्तिधारकों को सीधी आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम के अनुसार हर संपत्ति करदाता को अपने भवन के अनुरूप निर्धारित संपत्ति कर नगर निगम कोष में जमा कराना अनिवार्य है। जनहित को देखते हुए महापौर द्वारा यह निर्णय लिया गया, ताकि नागरिक बिना आर्थिक दबाव के समय पर अपना कर जमा कर सकें और छूट का पूरा लाभ उठा सकें। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम हमेशा से नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देता आया है। वर्तमान आर्थिक परिस्थियों को देखते हुए संपत्ति कर में छूट की अवधि बढ़ाना आवश्यक था, जिससे लोग आसानी से टैक्स जमा कर सकें और उन पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। शहरवासियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम महापौर और नगर निगम प्रशासन की जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। संपत्ति कर जमा करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर कर जमा कर छूट का लाभ लें और नगर के विकास कार्यों में योगदान दें। यह निर्णय शहर के संपत्तिधारकों को न केवल राहत देगा, बल्कि नगर निगम के राजस्व संग्रहण को भी सुचारु बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### साइक्लोन 'दितवाहज से श्रीलंका में भारी तबाही

# हिंडन एयरबेस से एनडीआरएफ की 80 सदस्यीय टीम रवाना



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रीलंका में आए साइक्लोन 'दितवाहज ने भारी तबाही मचाई है। तेज बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात गंभीर होते देख भारत ने मानवीय सहायता के रूप में बड़ा कदम उठाते हुए 'ऑपरेशन सागर बंधुज्की शुरूआत की है। इसी मिशन के तहत एनडीआरएफ की 80 सदस्यीय स्पेशल रेस्क्यू टीम रविवार तड़के 4 बजे हिंडन एयरबेस से कोलंबो के लिए रवाना हुई। यह टीम पूरी तरह आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा गियर और उन्नत तकनीक से लैस है। टीम को दो समूहों में बांटा गया है, जिनमें प्रत्येक में 40 प्रशिक्षित रेस्क्यू विशेषज्ञ और दो डॉग स्क्वॉड शामिल हैं। यह दल कटिंग-लिफ्टिंग उपकरण, संचार प्रणाली, मेडिकल सपोर्ट यूनिट और अन्य जरूरी बचाव साधनों के साथ रवाना हुआ। पूरे मिशन का नेतृत्व कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी कर रहे हैं। श्रीलंका पहुंचते ही टीम ने स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। वहीं भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि पड़ोसी देशों की मदद करना भारत की सदैव प्राथमिकता रही है, और संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ खड़ा होना हमारी जिम्मेदारी है। वर्तमान में एनडीआरएफ टीम ने 30 से अधिक प्रभावित लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है और कई इलाकों में फंसे लोगों की तलाश जारी है। स्थानीय लोग भी भारतीय टीम की तुरंत और प्रभावी कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

# सिरफिरे प्रेमी ने घर में घुसकर एमएससी छात्रा को मारी गोली

**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब एक सिरफिरे प्रेमी ने एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। छात्रा के सिर में गोली लगने से उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है, जबकि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार गांव में रहने वाला एक किसान अपनी 26 वर्षीय बेटी के साथ रहता है, जो एक महाविद्यालय में रूस्र् प्रथम वर्ष की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाला एक युवक काफी समय से छात्रा का पीछा करता था और उसे परेशान करता रहता था। कई बार समझाने के बाद भी युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। कुछ दिनों पहले छात्रा की शादी तय हो गई थी और विवाह की तारीख भी परिवार निश्चित कर चुका था। जब युवक को इस बात की जानकारी मिली तो वह बौखला गया। इसी नाराजगी में उसने छात्रा को नुकसान पहुंचाने की योजना बना ली। शनिवार शाम छात्रा घर में पढ़ाई कर रही थी। उसी दौरान आरोपी युवक अचानक कमरे में घुस आया। उसके हाथ में तमंचा था। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही युवक ने सीधे उसके सिर पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर घर में मौजूद भाभी और आसपास के लोग कमरे में पहुंचे तो देखा कि छात्रा खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी। इस बीच आरोपी मौके से भाग चुका था। गांव वालों ने तुरंत घायल छात्रा को मोदीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ के ऊपरी चिकित्सालय में भेज दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंची और बेहोशी से होश में आने पर छात्रा का बयान दर्ज किया। छात्रा ने बताया कि आरोपी अचानक कमरे में घुसा और तमंचे से गोली मार दी, जिसके बाद वह तुरंत बेहोश हो गई। पुलिस टीम घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और तकनीकी निगरानी से आरोपी की लोकेशन तलाशने में जुटी है। इस मामले में एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि आरोपी को पकड ? के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पत्नी और रिश्तेदारों की प्रताडना से तंग आकर युवक ने निगला जहर

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में 23 जुलाई को मिली एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को हिला दिया। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के बघई मनिहारी गांव से गाजियाबाद में रह रहे अनिल नामक युवक ने कथित रूप से पत्नी और ससुराल पक्ष की लगातार प्रताड ?ा से तंग आकर जहर खा लिया था। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अब कोर्ट के आदेश पर मृतक के पिता नवल किशोर सिंह की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता नवल किशोर के अनुसार, उनका बेटा अनिल पिछले काफी समय से वैवाहिक कलह और मानसिक प्रताड ?ा से परेशान था। आरोप है कि उसकी पत्नी खुशबू सिंह बीते डेढ़ वर्ष से अविनाश नाम के युवक के साथ रह रही थी और अनिल को लगातार धोखे में रखा गया। पिता का कहना है कि खुशबू और उसके परिवार ने अनिल को बिहार से गाजियाबाद बुलाकर घर बसाने का झांसा दिया और यहां आने के बाद उसे मानसिक रूप से दबाव में रखकर उत्पीड़ित किया गया। इसी प्रताड ?ा से टूट कर 23 जुलाई को अनिल ने जहर खा लिया। जहर पीने के बाद अनिल ने एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी खुशबू, उसके प्रेमी अविनाश, ससुराल पक्ष और अविनाश के पिता बिसन सिंह को जिम्मेदार ठहराया। यह वीडियो उसने अपने रिश्तेदारों को भेज दिया। नवल किशोर की शिकायत पर खुशबू सिंह, उसकी मां रीना देवी, पिता गजेंद्र सिंह, भाई बंटी और गोलू, प्रेमी अविनाश और अविनाश के पिता बिसन सिंह पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर एफआईआर लिखी गई है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# मुरादनगर का रावली रोड मेन मार्केट बदहाल-गंदगी, ट्रैफिक जाम, लटकते बिजली तार और अवैध कब्जों से व्यापारी परेशान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में गिने जाने वाले रावली रोड के मेन मार्केट की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को रोजाना जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उसने मार्केट की कारोबारी गतिविधियों पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। जबकि यह इलाका शहर की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन यहां की बुनियादी सुविधाएँ बुरी तरह चरमराई हुई हैं। मार्केट के व्यापारी बताते हैं कि सफाई कर्मचारी हफ्तों तक गायब रहते हैं, और कभी आते भी हैं तो सिर्फ एक हिस्से में काम करके बाकी जगह कूड़े के ढेर छोड़कर चले जाते हैं। नालियां लगातार जाम रहती हैं, जिससे सड़कों पर दुर्गंध और गंदगी फैल जाती है। मार्केट में लगे जर्जर बिजली के तारों ने लोगों की जान को जोखिम में डाल रखा है। कई स्थानों पर तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि बड़े वाहन आने पर उनके छूने का खतरा रहता है। व्यापारियों ने बताया कि बिजली विभाग हर महीने मीटर रीडिंग तो समय से कर लेता है, लेकिन खतरनाक तारों को ठीक करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं होती।



कई दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर ही गैर-कानूनी रूप से जनरेटर और अन्य सामान रखकर कब्जा कर लिया है। इसके कारण सुबह और शाम के समय भयंकर जाम की स्थिति बन जाती है। विशेष अवसरों पर गाडि ?ों की लंबी लाइनें लग जाती हैं और पूरा मार्केट थम जाता है। मार्केट में पार्किंग की व्यवस्थित व्यवस्था भी नहीं है, जिससे ग्राहकों को बड़ी दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

व्यापारी लंबे समय से मार्केट में वाटर कूलर और सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। लोगों को पीने का पानी तक खरीदना पड़ रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात का मौसम आते ही मार्केट में हालात और खराब हो जाते हैं। कई जगह नालों की ऊँचाई बढ ? और नई कंस्ट्रक्शन के कारण सड़कों का स्तर नीचे हो गया है। इसके चलते हल्की बारिश में भी मार्केट पानी से भर जाता है। शाम को जब महिलाएँ और युवतियाँ खरीदारी के लिए मार्केट आती हैं, तो कुछ असामाजिक तत्व बाइक पर शोर मचाते हुए इधर-उधर घूमते रहते हैं। विरोध करने पर वे बदतमीजी और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

ट्रेड एसोसिएशन के प्रतिनिधि अनुपम ने बताया कि मार्केट की समस्याओं को कई बार अधिकारियों तक पहुंचाया गया है। कई बैठकों में समाधान के आश्वासन भी मिले, लेकिन वास्तविकता ये है कि कार्रवाई दिखाई ही नहीं देती। समस्याएँ जस की तस बनी हुई हैं। मार्केट में आवारा पशु दुकानों के सामने खड़े होकर रास्ता रोक देते हैं। कई बार जानवर लोगों पर हमला कर चुके हैं। नगर पालिका के ईओ डॉ. शैलेंद्र कुमार का कहना है कि नगरपालिका द्वारा सफाई, कूड़ा उठान, आवारा जानवर पकड ? और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर विभाग अलग-अलग स्तर पर काम कर रहा है। मेन मार्केट के कारोबारियों से भी लगातार संपर्क बना हुआ है। सभी समस्याओं पर कार्रवाई की जा रही है।